
विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911


# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 46 | कोरबा, रविवार , दिनांक 17 नवंबर 2024 डाक 18 नवंबर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी महाराष्ट्र के शिरडी में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले एक चुनावी रैली में शामिल हुईं





**देश-विदेश**
स्कूलों में मासिक धर्म संबंधी स्वच्छता की जमीनी स्थिति पर गौर करे सरकार, केंद्र से बोला सुप्रीम कोर्ट





**फीचर पेज**
करेला के जूस में छिपा है सेहत का राज, रोजाना पीने से मिलेंगे कई फायदे










# वंदे मातरम के जयघोष के साथ भारतवंशियों ने किया पीएम मोदी का भव्य स्वागत

**अबुजा, 17 नवंबर [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में रविवार सुबह नाइजीरिया पहुंचे। नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबू ने अबुजा हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। वहां के केंद्रीय राजधानी क्षेत्र से मंत्री ने उन्हें प्रतीकात्मक रूप से अबुजा शहर की चाबी भेंट की। पिछले 17 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का इस देश में पहला दौरा है। इससे पहले वर्ष 2007 में तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह ने नाइजीरिया की यात्रा की थी। अबुजा हवाई अड्डे पर बड़ी तादाद में भारतीय समुदाय के लोग पीएम मोदी का स्वागत करने के लिए पहुंचे थे। लोगों ने इस मौके पर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारा लगाए। नाइजीरिया में भारतीय समुदाय को उनका स्वागत करने के लिए धन्यवाद देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट लिखा, नाइजीरिया में भारतीय समुदाय द्वारा इतना गर्मजोशी और जीवंत स्वागत देखकर बहुत खुशी हुई! उन्होंने नाइजीरिया में रहने वाले भारतीय समुदाय की भी प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने पश्चिमी अफ्रीकी देश में रहने वाली बड़ी संख्या में भारतीय महिलाओं, बच्चों और पुरुषों से बातचीत की और उनके साथ तस्वीरें भी अपलोड कीं। पीएम मोदी के इस यात्रा के दौरान के भारत और नाइजीरिया के बीच स्थापित रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की कोशिश की जाएगी। रक्षा क्षेत्र को लेकर भी दोनों देशों के बीच विस्तृत चर्चा होने की उम्मीद है। नाइजीरिया छोटे हथियारों, गोला-बारूद और बख्तरबंद वाहनों जैसे क्षेत्रों में साझेदारी के लिए भारत की तरफ काफी उत्सुक है। आर्थिक दृष्टिकोण से सबसे संपन्न अफ्रीकी देशों में से एक नाइजीरिया और भारत के मधुर रिश्तों में आने वाले दिनों में गर्माहट और तेज होने के आसार है। खासतौर पर दोनों देशों के बीच आर्थिक व सैन्य सहयोग के नए युग की शुरुआत होने के संकेत है। राष्ट्रपति बोला अहमद तिनुबू के साथ आज (रविवार) उनकी द्विपक्षीय बैठक होगी। बैठक में आपसी सहयोग को लेकर कई नई घोषणाएं होने की संभावना है। भारत की पूरी कोशिश है कि 17 वर्ष किसी भारतीय प्रधानमंत्री की नाइजीरिया यात्रा का दूरगामी असर हो। पीएम मोदी की इस यात्रा से नाइजीरिया में भारतीय कंपनियों के निवेश के लायक बेहतर माहौल बनाने में मदद मिलेगी। हाल के वर्षों में दर्जनों भारतीय कंपनियों ने नाइजीरिया में निवेश की शुरुआत की है। असलियत में नाइजीरिया उन गिने-चुने अफ्रीकी देशों मे शामिल है, जहां भारतीय कंपनियां सफलतापूर्वक चीनी कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।

## आप को बड़ा झटका: दिल्ली के मंत्री कैलाश गहलोत का इस्तीफा, पार्टी छोड़ने का ऐलान, केजरीवाल को भेजी चिट्ठी

**नईदिल्ली।** आम आदमी पार्टी को रविवार को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली के मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता कैलाश गहलोत ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। कैलाश गहलोत ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा भेजा है। इसके साथ ही एक पत्र भी उन्होंने केजरीवाल को भेजा है। दिल्ली के मंत्री और आप नेता कैलाश गहलोत ने आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है।

## आतंकी पन्नू की धमकी के बाद अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था सख्त, राम मंदिर में चप्पे-चप्पे पर एटीएस कमांडो तैनात



**अयोध्या, 17 नवंबर [एजेंसी]।**

खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की धमकी को दृष्टिगत रखते हुए शनिवार को रामनगरी में कड़ा पहरा रहा। राम मंदिर से लेकर संपूर्ण रामनगरी में सुरक्षा टीम भ्रमणशील रही। एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने एटीएस कमांडो, सीआरपीएफ व पीएसी के जवानों के साथ रामजन्मभूमि परिसर व राम मंदिर के संपर्क मार्गों व हनुमानगढ़ी, कनक भवन सहित प्रमुख मंदिरों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था देखी। वहां तैनात जवानों को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया। रामनगरी से होकर आवागमन करने वाले वाहनों को चेकिंग के बाद ही आगे जाने दिया गया। भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में बम निरोधक दस्ते एवं डाग स्क्वाड की मदद से पुलिस ने चेकिंग कराई। पन्नू ने गत दिनों एक वीडियो जारी कर 16 नवंबर को राममंदिर एवं रामनगरी में हिंसा कराने की धमकी दी थी।

कार्तिक मेला के दौरान मिली इस धमकी को सुरक्षा तंत्र ने गंभीरता से लिया। इसे दृष्टिगत रखते हुए पिछले तीन-चार दिनों से ही सुरक्षा व्यवस्था हाई अलर्ट पर है। शनिवार को रामनगरी अभेद्य दुर्ग में बदली नजर आई। अयोध्या के प्रवेश द्वारों सुबह से ही चेकिंग शुरू करा दी गई थी। यही नहीं कमांड सेंटर में पहुंचकर पुलिस अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज से भी रामनगरी की गतिविधियों का अवलोकन किया। रेलवे स्टेशनों पर भी सुरक्षा एजेंसियां सतर्क रहीं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उच्चाधिकारियों के अग्रिम आदेश तक अतिरिक्त सतर्कता का यह क्रम जारी रहेगा।

## लश्कर-ए-तैयबा का सीईओ बोल रहा हूं... आरबीआई को आया धमकी भरा कॉल, जांच में जुटी पुलिस



**नईदिल्ली, 17 नवंबर [एजेंसी]।**

भारतीय रिजर्व बैंक के कस्टमर केयर नंबर पर आज सुबह करीब 10 बजे एक कॉल आया। इसमें कॉल करने वाले व्यक्ति ने बोला कि वह लश्कर-ए-तैयबा का सीईओ है। इस कॉल के बाद बैंक के सुरक्षा गार्ड ने पुलिस में शिकायत दर्ज की। अब पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है। मिली गई जानकारी के अनुसार कॉल करने वाले शख्स ने कहा कि वह लश्कर-ए-तैयबा का सीईओ है और पीछे का गेट बंद कर दो। इलेक्ट्रिक कार खराब हो गई है। इतना कहने के बाद कॉल कट हो गई।कॉल कट हो जाने के बाद बैंक के सिक्योरिटी गार्ड ने मामले की गंभीरता को समझते हुए पुलिस में शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच में जुट गई। आपको यह मामला माता रमाबाई मार्ग पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। अभी तक पुलिस को लग रहा है कि यह किसी व्यक्ति की शरारत है।

आरबीआई के अलावा पहले भी कई कंपनियों को ऐसे धमकीभरे कॉल का सामना करना पड़ा है। 14 नवंबर को मुंबई के JSA लॉ फर्म बेलर्ड पेयर और JSA ऑफिस कमला मिल लोअर पर्ल को भी धमकी मिली थी। यह धमकी किसी फरजान अहमद द्वारा मेल पर मिला है। मेल में फर्म को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। धमकी मिलने के बाद फर्म के कर्मचारी ने पुलिस में शिकायत दर्ज की। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दिया।

## मणिपुर में हिंसा भड़कने से फिर बिगड़े हालात राज्य सरकार ने केंद्र से कहा- हटा दें एएफएसपीए



**इंफाल, 17 नवंबर [एजेंसी]।**

मणिपुर सरकार ने केंद्र से राज्य के छह पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों से एएफएसपीए की समीक्षा करने और उसे हटाने का अनुरोध किया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। केंद्र ने हिंसा प्रभावित जिरीबाम सहित मणिपुर के छह पुलिस थाना क्षेत्रों में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम को फिर से लागू कर दिया है। मणिपुर के मौजूदा हालात को देखते हुए इम्फाल पश्चिम और इम्फाल पूर्व में कर्फ्यू लगा दिया गया है। राज्य में छह लोगों की हत्या के खिलाफ घाटी के जिलों में ताजा विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है, जिनके शव जिरीबाम में कथित तौर पर दुष्कर्म के बाद बरामद किए गए थे। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने दो मंत्रियों और तीन विधायकों के आवासों पर भी धावा बोला। केंद्र को संयुक्त सचिव (गृह) के एक पत्र में उल्लेख किया गया है कि राज्य मंत्रिमंडल ने 15 नवंबर को हुई अपनी बैठक में इस (अफ्सपा को फिर से लागू करने) पर विचार-विमर्श किया है और केंद्र सरकार को इसकी समीक्षा करने और इसे वापस लेने की सिफारिश करने का निर्णय लिया है। राज्य के छह पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों को एएफएसपीए 1958 की धारा 3 के तहत अशांत क्षेत्र घोषित करने की बात कही गई है।

इसमें कहा गया, अनुरोध है कि जनहित में 14-11-2024 की अधिसूचना की समीक्षा करें और इसे वापस लें। गृह मंत्रालय ने 14 नवंबर को इंफाल पश्चिम जिले में सेकमाई पीएस और लामसांग पीएस, इंफाल पूर्व में लामलाई, बिष्णुपुर में मोइरांग, कांगपोकपी में लीमाखोंग और जिरीबाम जिले में जिरीबाम के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में एएफएसपीए को फिर से लागू कर दिया था। एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि मणिपुर सरकार ने केंद्र से राज्य के छह पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों से एएफएसपीए की समीक्षा करने और उसे हटाने का अनुरोध किया है।

## एसडीएम लिखी स्कॉर्पियो ने ईको कार को मारी टक्कर, 2 की मौत, 5 घायल



**खरगोन।** रविवार सुबह मध्य प्रदेश के खरगोन में भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। SDM लिखी स्कॉर्पियो ने ईको कार को टक्कर मार दी, जिससे कार में सवार 2 लोगों की मौत हो गई। 5 लोग घायल हैं, जिनमें स्कॉर्पियो का ड्राइवर भी शामिल है। हादसा रविवार सुबह 6.40 बजे हुआ। मृतकों की पहचान रामलाल और शोभाराम के रूप में हुई है। कार डालकी से बुरहानपुर जा रही थी। कार एक बारात का हिस्सा थी।

स्कॉर्पियो गाड़ी बड़वानी जिले के सेंधवा एसडीएम की बताई जा रही है। घायल ड्राइवर का भी इलाज जारी है। हादसा पीडब्ल्यूडी ऑफिस के सामने जवाहर मार्ग के मोड पर हुआ। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। खरगोन कोतवाली पुलिस जांच में जुटी है।

## बरात में डीजे बजाने को लेकर जमकर हुई मारपीट, दो युवकों की मौत

**प्रतापगढ़, 17 नवंबर।**

बारातियों में हुई मारपीट के दौरान गंभीर रूप से घायल दो युवकों की मौत हो गई। लालगंज कोतवाली के चकौडिया गांव में शनिवार की रात विदेशी लाल की बेटी की शादी थी। बरात में लुधियाना से भी कुछ रिश्तेदार आए थे। लीलापुर थाना अंतर्गत चितरी से आई बरात में रात करीब 12 बजे डीजे पर गाना बजाने को लेकर बारातियों में आपस में झगड़ा हो गया। जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान गंभीर रूप से घायल दो युवकों 28 वर्षीय पवन व 33 वर्षीय प्रीत की अस्पताल में मौत हो गई। घटना को लेकर पुलिस जांच में जुटी है।

## दुनिया ने देखी भारत की ताकत, हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण सफल, रक्षा मंत्री ने कही ये बात



**नईदिल्ली, 17 नवंबर [एजेंसी]।**

भारत रक्षा क्षेत्र में और मजबूत हुआ है। रविवार को भारत ने लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इससे साफ है कि सैन्य ताकत की दिशा में भारत ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल के सफल परीक्षण को एक अहम कदम बताया जा रहा है। दरअसल, यह मिसाइल 1500 किमी से अधिक रेंज के लिए विभिन्न पेलोड्स ले जाने के लिए डिज़ाइन की गई है।

भारत के हाथ लगी सफलता के बाद रक्षा मंत्री रजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप, ओडिशा के तट से लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि है और भारत को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है, जिनके पास ऐसी महत्वपूर्ण और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकियां हैं। इस लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल के सफल परीक्षण के बाद डीआरडीओ ने कहा कि मिसाइल को विभिन्न रेंज सिस्टम द्वारा ट्रैक किया गया और फ्लाइट डेटा से यह पुष्टि हुई कि टर्मिनल मैन्युवर्स और लक्षित क्षेत्र में प्रक्षिप्ति सटीकता के साथ सफल रहे।

## *अमित शाह ने विदर्भ की सभी रैलियां रद्द की, अचानक नागपुर से दिल्ली रवाना*



*मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच बड़ी खबर सामने आई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की आज विदर्भ में होने वाली सभी रैलियां रद्द कर दी गई हैं। वह नागपुर से दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। विदर्भ में आज अमित शाह की रैली थी। लेकिन वह दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं।*



डिलाईट क्लॉथ सेंटर
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
अब नये परिसर में नई साज-सज्जा के साथ
साड़ियों की विशाल रेंज
SUBHASH
Ambica
Cotton SILK
Ladies Wear
सूट पीस । लहंगा । ड्रेस मटेरियल
कुर्ती सेट । वेस्टर्न वियर
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


TATA STEEL
TATA TISCON
समझदार बनें। बेहतर चुनें।
TATA TISCON 550SD
बी.आर. सेल्स
9009992855, 7049928855, 7987588210
सही सामान, सही दाम

## 46 करोड़ 60 लाख 53 हजार 993 रूपए डीबीटी के माध्यम से 85,026 श्रमिक हितग्राहियों के खाते में हुई अंतरित

# श्रमवीर हमारे प्रदेश के रीढ़ की हड्डी, इनके निरंतर श्रम से ही हमारा राज्य प्रगतिशील : लखन लाल देवांगन





कोरबा । छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन की मुख्य आतिथ्य में कोरबा शहर के प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम परिसर में प्रदेश स्तरीय श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल एवं श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित 17 विभिन्न योजनाओं के 85,026 श्रमिक हितग्राहियों को 46 करोड़ 60 लाख 53 हजार 993 रूपए डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में सीधे अंतरित की गई।

श्रम मंत्री श्री देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि श्रमवीर हमारे प्रदेश के रीढ़ की हड्डी है, इनके निरंतर श्रम से ही हमारा राज्य प्रगतिशील है। उन्होंने कहा कि श्रमवीरों के सच्चे सम्मान के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में श्रमिकों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई है। जिनके बेहतर क्रियान्वयन से श्रमिक को लाभ मिल रहा है। कैबिनेट मंत्री देवांगन ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी वर्ग के हितों के विकास के दृढ़ संकल्पित है। राज्य सरकार द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन में सुशासन और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। अब सरकार एवं श्रमिकों के बीच कोई बिचौलिया नहीं रह गया है। श्रमिकों को उनके हित की राशि अब सीधे उनके बैंक खातों में मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विभिन्न योजनांतर्गत 235 करोड़ की सहायता राशि श्रमिकों को प्रदान की गई थी। अनेक सामग्री का वितरण भी किया गया था। आज भी श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी गई है। जिसका सीधा लाभ श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को मिलेगा।मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा श्रमिक बाहुल्य जिला है। यहां बाल्को, एनटीपीसी एसईसीएल जैसे अनेक संयंत्र स्थापित है। जहां कार्य करने वाले श्रमिकों की बहुलता है। इन मेहनतकश श्रमिकों के हित में वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना संचालित है। जहां श्रमिकों को 5 रुपए में भरपेट भोजन मिलता है। इसे पूरे राज्य में संचालित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग अंतर्गत लागू नई औद्योगिक नीति में अनुदान की व्यवस्था से बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। श्रम मंत्री ने सम्मेलन में पड़ोसी जिलों से आए श्रमिकों का अभिवादन करते हुए कहा कि आप सभी को विभागीय योजनाओं से लाभांवित करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया है, आप सभी इसका लाभ उठाएं। साथ ही विभागीय प्रदर्शनी में जाकर शासकीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें एवं योजनाओं से जुड़कर लाभ लें। उन्होंने बताया कि श्रमिकों की समस्या-शिकायतों के समाधान एवं सहायता के लिए श्रमेव जयते पोर्टल लागू की गई है। जिसका हेल्पलाइन नंबर 0771-3505050 है। उन्होंने श्रमिकों से हेल्पलाइन नंबर साझा करते हुए कहा कि आपकी समस्या व शिकायतों का इसके माध्यम से समाधान किया जाएगा।

इस अवसर पर विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूमि में श्रमिकों का योगदान अहम है। उनके बिना विकास की परिकल्पना भी संभव नही है। उन्होंने कहा कि श्रमवीरों एवं उनके परिवार के हित में सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की गई है। उन्होंने श्रमिकों को इन योजनाओं की जानकारी रखने एवं उनका लाभ उठाने के किये कहा।प्रभारी सचिव श्रीमती मंगई डी ने कहा कि देश की तरक्की में श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान है। उनके सहयोग के बिना विकास की धुरी थम जाएगी। श्रम वीरों के कल्याण के लिए विभाग द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिसका उन्हें लाभ दिलाने जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। प्रभारी सचिव ने कहा कि कोरबा से उनका पुराना रिश्ता रहा है। उनके शासकीय सेवा की शुरुआत कोरबा जिले से हुई है। वह यहां सहायक कलेक्टर व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के रूप में अपनी सेवा दे चुकी है। आज लगभग 15 वर्ष बाद पुन: कोरबा आकर प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने बताया कि श्रमिक परिवार के मेधावी बच्चों के लिए अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना प्रारम्भ की गई है। जहां ऐसे परिवार के मेधावी छात्रों का प्रदेश के उत्कृष्ट विद्यालयों में नि:शुल्क अध्ययन की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को अनेक योजनाओं का लाभ दिलाने शिविर लगाई गई है। जहां उनका श्रमिक पंजीयन, स्वास्थ्य जांच कर नि:शुल्क दवाई वितरण भी किया जा रहा है। उन्होंने सभी से शिविरों का लाभ लेने का आग्रह किया।कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कहा कि उर्जाधानी कोरबा में माइंस एवं संयंत्र दोनों संचालित है। जहां बड़ी संख्या में श्रमिक जीविकोपार्जन करते है। राज्य शासन के मंशानुसार श्रमिक परिवारों को लाभान्वित करने हेतु श्रम विभाग की सभी योजनाओं का प्रशासन द्वारा बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। जमीनी स्तर पर इन योजनाओं का लाभ समाज के कमजोर लोगों तक पहुंचाने जिला प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर कार्य किया जा रहा है। जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। सम्मेलन को नेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम हितानंद अग्रवाल, पार्षद श्री नरेंद्र देवांगन ने भी संबोधित किया और योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। सम्मेलन स्थल पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिको हेतु संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया था। जिसमे स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाई वितरण, कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं के तहत लागू स्कीम, श्रम पंजीयन, प्रधानमंत्री आवास, महतारी जतन, दिव्यांग सहायता, बच्चों हेतु छात्रवृत्ति जैसे अन्य योजनाओं की जानकारी देकर श्रमिको को लाभांवित किया गया। स्थल पर जनसंपर्क विभाग द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से शासन की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। विभाग द्वारा शासन की योजनाओं पर आधारित जनमन, सुशासन के नवीन आयाम, उदित छत्तीसगढ़, रोजगार नियोजन जैसे अनेक पत्रिकाओं, ब्रोसर पाम्पलेट का वितरण भी किया गया।

# शराब की सेवा उपलब्ध हो रही ढाबों में

कोरबा/कोरबी । चोटिया आबकारी विभाग की निष्क्रियता के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम अंग्रेजी शराब बेची जा रही है पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक अंतर्गत सुदूर वनांचलो में गोवा नामक एक ब्रांड की शराब एम पी लाकर गांवों में अवैध रूप से सप्लाई हो रही है,एन एच 130 कटघोरा, अंबिकापुर, सड़क एवं स्टेट राज्य के सड़क मार्गो में संचालित होटल,ढाबों पर बे धडक अंग्रेजी शराब परोसे जा रहे हैं, आसपास के ढाबों में अवैध रूप से शराब की बिक्री बढ़ गई हैं। जहां सांझ ढलते ही सुरापान केंद्र में तब्दील हो जाते है और वहीं गांवों में बिकती महुआ शराब अराजकता बढ़ा रहा है। पुलिस तो यदाकदा कार्रवाई करती है लेकिन आबकारी विभाग छापामार कार्रवाई के नाम पर डीजल फूंक रहे हैं और प्रतिमाह लाखों करोड़ का वारा- न्यारा करते हुए प्रशासन को ग्रामीण इलाकों से कुछेक धरपकड़ की कार्रवाई दिखा रहे है।

सरकार लगातार अवैध शराब की बिक्री को रोकने का प्रयास कर रही हैं। इसके लिए पुलिस व आबकारी विभाग को जिम्मा सौंपा गया है, पुलिस तो समय- समय पर अपनी कार्रवाई करती है लेकिन आबकारी अमला ज्यादातर भयादोहन कर रंगदारी वसूली में लगी है। हालात ऐसे हो गये हैं कि शराब दुकानों की अपेक्षा अब गांवो में हाथ भट्टी और ढाबों में देशी- अंग्रेजी की शराब अधिक बिक रही हैं। पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के गांवों में जहां खुलेआम बिना डिग्री वाले महुआ शराब की बिक्री हो रही हैं तो वहीं बागों, थाना के अधिन मोरगा,एवं इसके बाहर आसपास के ढाबों में अंग्रेजी शराब मिल रही है। जिससे कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लग रहा हैं। अवैध महुआ शराब बिक्री से जहां गांवों का माहौल यह है कि शराबी वर्ग नशे में अपशब्दों का प्रयोग और अराजकता फैलाते गली- मोहल्लों में घूमते नजर आते है तो वहीं 10- 12 साल के बच्चे भी दस- दस रुपए मिलाकर शराब की लत के आदि होते जा रहे हैं। दूसरी ओर ढाबों में बिकती शराब, सांझ ढलते ही जहां शराबियों की महफिलें सजनी शुरू हो जाती है और संचालकों के द्वारा अवैध रूप से शराब बिठाकर पिलाई जाने का खेल शुरू हो जाता है। आसान शब्दों में कहें तो जहां खानपान के स्थान तब शराबियों के अड्डे में तब्दील हो जाते है। कुछेक ढाबे ऐसे भी जहां वर्षो से खाने की कोई व्यवस्था नही सिर्फ पीने की व्यवस्था संचालित की जा रही है, और तो और जहां शासकीय शराब दुकान कर्मियों की मिलीभगत से ढाबों तक पहुचती है। विडंबना यह कि गांवों में बिक रही अंग्रेजी शराब के ज्यादातर स्थानों पर आबकारी विभाग की माहवारी बंधी हुई है और प्रशासन को दिखाने के लिए समय- समय पर कुछेक धरपकड़ की कार्रवाई कर अपने हाथों अपनी पीठ थपथपाने का काम किया जाता है। वहीं ढाबों के कारगुजारियों की खबर होने के बाद भी इन पर कोई छापामार कार्रवाई नही करती या यूं कहें कि खानपान सामाग्री बिक्री की आड़ में चल रहे इन अवैध शराब अड्डों को विभाग खुद बढ़ावा दे रखी है। इससे लगता है कि विभाग के अधिकारी- कर्मचारियों को जहां से सिर्फ महीने की बंदी से मतलब होता है, उनकी मंशा कभी नही होती है कि इन पर रोक लगाई जाए। निर्मित यह हालात अवैध शराब से बेचने वालों के हौसले बुलंद कर रहा है। यदि समय रहते इन पर ठोस कार्रवाई नही की गई तो दिन ब दिन हालात बिगड़ता ही जाएगा।

### मादक द्रव्य पदार्थो का सेवन कर नशे में धुत पत्नी से नाराज पति चढ़ा हाईटेंशन तार के टावर पर

कोरबा । कोरबा जिलान्तर्गत मानिकपुर चौकी क्षेत्र की दादर बस्ती में उसे वक्त हड़कंप मच गया, जब मादक द्रव्य पदार्थो का सेवन कर नशे में धुत एक युवा हाई टेंशन टावर के लगभग 60 फीट पर ऊपर चढ़ गया। टावर पर चढ़कर अपनी पत्नी और लोगों को आवाज दे रहा था कि उसे मादक द्रव्य पदार्थो का सेवन करने हेतु रूपए नहीं दिए तो वह टावर से नीचे कूदकर जान दे देगा। लोग उसे मनाते रहे, कोई रूपए देने की बात कहता तो कोई मादक द्रव्य पदार्थ लाने की बात कहता। इसके बाद भी उक्त ड्रामा लगभग 1 घंटा तक चलता रहा।

इस बीच उसकी मां भी मौके पर पहुंची। युवक और ऊपर चढ़ने लगा। इसकी सूचना ग्रामीणों ने मानिकपुर चौकी पुलिस को दी।

## हाथियों की आवाजाही पर निगरानी रखने के साथ लोगों को किया जा सर्तक



कोरब। कटघोरा वन मंडल में हाथियों की सक्रियता को देखते हुए वन विभाग ने इन गजराजों पर नजर रखने के लिए विशेष टीम का गठन किया है। विभाग के अधिकारियों ने किसानों और ग्रामीणों को सलाह दी है कि वे हाथियों के साथ छेड़छाड़ न करें और न ही उनके पास जाने का प्रयास करें। ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां हाथियों का आना-जाना सामान्य है, वहां सुरक्षा की दृष्टि से सतर्कता बरतने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। कटघोरा वनमंडल में भालू के साथ-साथ अभी हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। वनमंडल में 51 हाथी केंदई और पसान वन परिक्षेत्र में चल रहे हैं। इसमें बेबी एलिफेंट भी शामिल हैं। शाम होते ही कटघोरा वनमंडल में हाथियों का यह झुंड घने जंगल से निकल जाता है। कई बार भोजन की तलाश में रिहायशी इलाकों के करीब पहुंच जाता है।झुंड का सामना ग्रामीणों से होता है और उनके बीच टकराव की स्थिति बनती है। हाथी खुद के बचाव में लोगों को मार देते हैं। वन विभाग ने लोगों से कहा है कि शाम के समय झुंड के दिखने पर करीब जाने से बचें। विभाग के एक अफसर ने बताया कि अक्सर यह देखा जाता है कि शाम के समय कई लोग शराब के नशे में हाथियों करीब पहुंच जाते हैं। इन लोगों को समझाने की कोशिश जब भी वन विभाग की ओर से की जाती है तब लोग आक्रोशित होकर वन विभाग के कर्मचारियों को ही भला-बुरा कहने लगते हैं। इस स्थिति में वन विभाग के कर्मचारी खुद को असहज महसूस करते हैं। विभाग के कर्मचारियों की सलाह को अनदेखी कर लोग झुंड के करीब पहुंच जाते हैं इस स्थिति में हमेशा अनहोनी की आशंका बनी रहती है।हाल ही में, कटघोरा वन मंडल के पसान वन क्षेत्र स्थित तनेरा तालाब के पास लगभग तीन दर्जन हाथियों को विचरण करते और जल क्रीड़ा करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस वीडियो में हाथियों की गतिविधियों को देखकर यह स्पष्ट होता है कि कोरबा के जंगलों में वन्य जीवन अत्यंत समृद्ध है। हाथियों का यह सहज व्यवहार न केवल वन्यजीव प्रेमियों को आकर्षित कर रहा है, बल्कि यह क्षेत्र की जैव विविधता को भी दर्शाता है।

# प्रभारी सचिव ने अधिकारियों की बैठक लेकर सरकारी योजनाओं पर प्राथमिकता से काम करने को कहा




कोरबा । कोरबा जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती अलरमेल मंगई डी ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि कोरबा एक महत्वपूर्ण जिला है। यहां बड़ी संख्या में अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोग तथा बड़ी संख्या में श्रमिक निवास करते हैं। यहां शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए एवं आपस में समन्वय बनाकर टीम भावना से कार्य करने और कोरबा जिला को सभी योजनाओं में आगे बढ़ाने कहा। प्रभारी सचिव श्रीमती मंगई डी ने कोरबा जिले में महत्वपूर्ण स्थानों पर शिविर आयोजित करने और उनका पंजीयन कर श्रम विभाग योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण से जुड़े विभागों को भी श्रमिकों के हित में कार्य करते हुए योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जिले में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन तथा डीएमएफ से स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने आश्वस्त किया कि शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन की दिशा में सभी अधिकारियों के समन्वय और सहयोग से कार्य करेंगे।

बैठक में प्रभारी सचिव ने राजस्व विभाग, जिला पंचायत, नगरीय निकाय, वन विभाग, खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, आदिवासी विकास विभाग सहित अन्य विभागों में संचालित योजनाओं एवं महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा की। राजस्व विभाग अंतर्गत समीक्षा करते हुए उन्होंने नामांतरण, सीमांकन, डायवर्सन, विवादित एवं अविवादित प्रकरण की जानकारी ली। प्रभारी सचिव ने ऑनलाइन प्रकरण दर्ज होने के पश्चात् समय सीमा के भीतर ऑनलाइन निराकरण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत अंतर्गत उन्होंने मनरेगा, अमृत सरोवर, वनाधिकार पट्टाधारियों के अंतर्गत स्वीकृत कार्य, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की और पीएम आवास निर्माण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने नगरीय निकाय अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना, मोर मकान मोर चिन्हारी, मोर जमीन मोर मकान, मदवार स्वीकृत निर्माण कार्यों की जानकारी, पीएम स्वनिधि योजना, स्वच्छ भारत मिशन सर्वे तथा निकाय अंतर्गत आय-व्यय एवं राजस्व वसूली की जानकारी ली। उन्होंने जिले में संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्लम सहित महत्वपूर्ण स्थानों पर शिविर लगाकर लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कोरबा एवं कटघोरा वनमण्डल अंतर्गत उन्होंने हाथियों सहित अन्य वन्य प्राणियों से होने वाले जनहानियों, फसल हानि आदि की जानकारी ली और समय सीमा के भीतर संबंधितों को मुआवजा प्रदान करने के निर्देश दिए। वनमण्डलाधिकारियों द्वारा वन विभाग अंतर्गत किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों, हाथी विचरण वाले आबादी क्षेत्रों में रेस्क्यू, ड्रोन के माध्यम से जंगली हाथियों पर नजर रखने और एआई सहित अन्य तकनीकों का इस्तेमाल कर लोगों को जागरूक करने, तेंदूपत्ता संग्रहण एवं भुगतान की स्थिति, बोनस राशि के वितरण, समूह बीमा योजना, मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति आदि की जानकारी दी। बैठक में खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड की संख्या, नवीनीकरण, धान खरीदी, बारदाने की स्थिति सहित अवैध धान की खरीदी को रोकने गठित निगरानी दल आदि के संबंध में जानकारी दी गई। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा बताया गया कि जिले में धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारू ढंग से संचालित हो इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं बनाई गई है। एसडीएम को कोचियों पर नजर रखने और उनकी सूची तैयार रखने के निर्देश देते हुए अनुभाग स्तर पर उन्हें नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि शासकीय भूमि पर जिन्होंने भी अतिक्रमण कर धान लिया है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना ने हनुमानगढ़ी में चलाया स्वच्छता अभियान

कटघोरा । कोरबा जिलान्तर्गत शासकीय मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय कटघोरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने कटघोरा के आस्था स्थल हनुमानगढ़ी में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान, स्वयंसेवकों नेआस्था स्थल परिसर, उद्यान, सड़क, चबूतरा, नाली और छायादार स्थानों में यत्र-तत्र बिखरे पड़े पानी पाउच, पन्नी, पालीथिन, पानी बोतल, कुरकुरे, चिप्स के रैपर को एकत्रित कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान नालियों की सफाई की गई और नशा मुक्ति के नारे, जागरूकता के गीत, स्वच्छता के संदेश दिए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिवदयाल पटेल ने कहा की स्वच्छता न केवल राष्ट्र की सुंदरता में योगदान देती है, बल्कि सतत पर्यटन को भी प्रोत्साहित करती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि भावी पीढ़ियां हमारे देश के पर्यटन स्थलों की समृद्धि का पूर्ण गौरव के साथ अनुभव कर सकें।

# न्यू कोरबा अस्पताल एनकेएच की एक नई श्रृंखला अंतर्गत कटघोरा ब्रांच का 18 नवंबर को हो रहा शुभारंभ

## आसपास क्षेत्र के लोगों को मिलेगी इलाज की बेहतर सुविधा



कोरबा। कोरबा जिलावासियों को बेहतर और महानगरीय तर्ज पर उपचार सुविधा उपलब्ध करा रहे एनकेएच ग्रुप द्वारा एनकेएच, मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का शुभारंभ 18 नवंबर को किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के हाथों पुराना कटघोरा-बिलासपुर मार्ग में कटघोरा ब्रांच मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का शुभारंभ किया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर, पाली-तानाखार विधायक तुलेश्वर हीरासिंह मरकाम, पूर्व विधायक रामदयाल उइके, जिलाध्यक्ष भाजपा डॉ. राजीव सिंह, मंडल अध्यक्ष धन्नू दुबे, नगर पालिका कटघोरा अध्यक्ष रतन मित्तल, उपाध्यक्ष बजरंग पटेल सहित कटघोरा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। कटघोरा क्षेत्र में एनकेएच अस्पताल प्रारंभ हो जाने से कटघोरा सहित इसके आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को नजदीक में ही हर तरह की बेहतर चिकित्सा सुविधा एक ही छत के नीचे मिल सकेगी। अकसर देखा गया है कि कटघोरा से लेकर जिले के दूरस्थ इलाके से मरीजों को जिला मुख्यालय तक आने में काफी समय लग जाता है और इस बीच उन्हें जो त्वरित उपचार लाभ मिलना चाहिए, वह बाधित होता है। इस तरह की समस्या के मद्देनजर कटघोरा जो पाली, पोड़ी-उपरोड़ा व आसपास के लोगों के लिए एक केंद्र बिंदु भी है, इसलिए यहां सर्वसुविधा युक्त मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल की ब्रांच प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है।

अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. एस. चंदानी ने कहा कि वे पिछले 20 वर्षों से भी अधिक समय से रोगियों की सेवा में लगे हैं। दुर्घटना के दौरान हड्डी के साथ सिर में गंभीर चोट होने पर मरीज को बिलासपुर या रायपुर भेजा जाता था। दिल का दौरा पड़ने से समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण कई मरीज दम तोड़ देते थे, लेकिन अब कोरबा में ही हृदय रोग के उपचार के सुविधा, जांच व ऑपरेशन की सुविधा मिल जाने से काफी लाभ शहर व जिला वासियों को मिल रहा है। मरीजों की इलाज के अभाव में असामयिक मौत न हो, इस उद्देश्य से एनकेएच ग्रुप द्वारा कोरबा सुपर स्पेशलिटी (एनएबीएच से मान्यता प्राप्त) के साथ-साथ चांपा, जमनीपाली व बालको के बाद अब कटघोरा में अस्पताल की शुरूआत की जा रही है। एनकेएच, मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल, (कटघोरा) में स्त्री एवं प्रसूति, जनरल सर्जन, जनरल मेडिसिन, शिशु रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों को एक छत के नीचे 24 घंटे सातों दिन रोगियों की सेवा के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इमरजेंसी सेवा भी यहां उपलब्ध रहेगी। बहुत जल्द ही इस अस्पताल में कई अन्य आधुनिक चिकित्सीय सुविधाएं भी उपलब्ध हो जाएंगी।

# आपरेटर पर हमला,यूनियन ने सीजीएम से शिकायत की

कोरबा । कोरबा पश्चिम में संचालित एसईसीएल कुसमुंडा खदान में अपराधिक घटनाएं लगातार घट रही हैं। आरोप लगाते हुए बताया जा रहा हैं की खदान में घुसकर अपराधिक प्रवीत्ति के लोग डंपर ऑपरेटर पर हमला कर रहे हैं। जिससे कर्मचारी दहशत के साए में है। मामले में संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक के क्षेत्रीय अध्यक्ष बी.एल. पनिका ने महाप्रबंधक कुसमुंडा क्षेत्र से इस बाबत शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि एसईसीएल कुसमुंडा खदान, क्यारी-03, रिले बी में 12 नवंबर को रात्रि पाली में अभय कुमार कश्यप डंपर ऑपरेटर ड्यूटी पर थे। रात्रि लगभग 2 बजे कुछ लोगो द्वारा डंपर पर पथराव करते हुए अभय कुमार कश्यप पर जानलेवा हमला किया गया। जिससे ऑपरेटर के सिर व हॉथ पर गंभीर चोट आई है तथा त्रिपुरा स्टेट राइफल्स टीएसआर पूरी तरह से विफल साबित हो रही हैं। जिस पर सुरक्षा के नाम पर कालरी प्रबंधन करोड़ो रूपये सालाना खर्च कर रही है।

उक्त घटना घटित होने के बाद भी आज दिनांक तक प्रबंधन के द्वारा कोई भी ठोस कदम नही उठाया गया है, जिससे डंपर ऑपरेटरों में रोष व्याप्त है। उक्त घटना से खदान में कार्यरत सभी डंपर ऑपरेटर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। प्रबंधन के खामोश रहने से ऐसी घटना को अंजाम देने वाले चोरों के हौंसले बुलंद हो रहे है। फिर वो दिन दूर नहीं जब किसी डंपर ऑपरेटर कामगार के जान पर बन आएगी। संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) कुसमुंडा क्षेत्र ने मांग करते हुए कहा हैं कि डंपर ऑपरेटर के साथ हुए मामले को गंभीरता से लेकर तत्काल कानूनी कार्यवाही की जाए। खदान में अनाधिकृत व्यक्तियों, वाहनों पर रोक लगाने की सख्त कार्यवाही करने मांग की है।

## फरवरी में शुरू हो सकती है मुख्य परीक्षा, प्रैक्टिकल जनवरी में

**जांजगीर।** सीबीएसई बोर्ड दसवीं और बारहवीं कक्षाओं की परीक्षा के लिए डेट शीट जल्द ही जारी की जाएगी। उम्मीद जताई जा रही है कि आगामी कुछ दिनों में ही 10वीं और 12वीं की कक्षाओं के लिए टाइम टेबल आधिकारिक वेबसाइट https://www. cbse.gov.in पर जारी कर दी जाएगी।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं फरवरी में आयोजित होनी है। थ्योरी एग्जाम 15 फरवरी 2025 से शुरू होंगे। इन कक्षाओं के लिए डेट शीट जल्द जारी होने की उम्मीद है। अगर पिछले साल के पैटर्न पर गौर करें तो यह दिसंबर के दूसरे सप्ताह में जारी हो सकती है। दरअसल, साल 2023 में सीबीएसई बोर्ड से सेकेंड्री और सीनियर सेकेंड्री के स्टूडेंट्स के लिए बोर्ड परीक्षाओं का टाइम टेबल 13 दिसंबर, 2024 को जारी किया गया था। सीबीएसई बोर्ड दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में शामिल होने के लिए छात्र- छात्राओं की न्यूनतम उपस्थिति 75 प्रतिशत होनी चाहिए।

# लोग पड़ रहे बीमार जिला अस्पताल में भी नहीं मिल रहा है समुचित इलाज



**जांजगीर-चांपा।** इन दिनों मौसम दो रस हो गया है। दिन में जहां गर्मी पड़ रही है तो वहीं रात होते ही ठंड बढ़ने लगती है। ऐसे मौसम का लोगों की सेहत पर विपरीत असर पड़ रहा है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। जिला अस्पताल के ओपीडी में जहां भीड़ लग रही है, वहीं 100 बिस्तर भी कम पड़ने लगे है। वर्तमान में मरीजों की संख्या बढ़ने से डॉक्टरों के साथ मरीज एवं उनके परिजनो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि जांजगीर जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल ठाकुर छेदीलाल जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन औसतन 300 मरीज इलाज कराने के लिए पहुंच रहे है। इन दिनो मौसम दो रस हो गया है। दिन में गर्मी का एहसास हो रहा है, तो रात में ठंड लग रही है। दिन का तापमान 30 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है, वहीं रात का तापमान 12 से 13 डिग्री पहुंच गया है। ऐसे में मौसमी बीमारी से प्रभावित मरीज बढ़ रहे है। जिनमें बुखार, सर्दी जुकाम, मलेरिया, टायफाइड सहित अन्य तरह के बीमारियो से प्रभावित मरीज बढ रहे है। इसे देखते हुए 100 बेड के जिला अस्पताल में ब्यवस्था को बनाकर आगे रखते हुए 160 द्ब बस्तर की व्यवस्था बनाई गई है। राज्य शासन के स्वास्थय एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा स्वास्थय व्यवस्था बेहतर ढंग से बना रहे इस बात को ध्यान में रखकर करोड़ों रूपए खर्च कर दिए जा रहे है। इसके बावजूद आज भी जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में मरीजों का उपचार समुचित ढंग से नहीं हो पाता। जिला अस्पताल में ना केवल

जांजगीर बल्कि नवागढ, पामगढ, बम्हनीडीह, बलौदा एवं अकलतरा क्षेत्र से मरीज बड़ी संख्या में उपचार कराने के लिए पहुंचते है। ऐसे में जिला अस्पताल में भीड़ बढ़ रही है। भीड़ अधिक होने के कारण ओपीडी पर्ची कटाने से लेकर डॉक्टरों से इलाज कराने तक के लिए मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

मौसम परिवर्तन के साथ बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। मौसम में आए बदलाव के हिसाब से लोग अपने आप को नहीं ढाल पाते। जिसके कारण बीमारी की चपेट में आते है। इन दिनों वायरल फीवर का ज्यादा प्रकोप देखा जा रहा है। सदी के मौसम में बच्चों और बुजुगों के सेहत को लेकर सतर्क रहने की ज्यादा जरूरत है। सर्दी बढ़ने पर दमा और श्वांस रोग के मरीजों को खतरा बढ़ जाता है। वहीं बुजुगों को मास पेशियों से संबंधित परेशानी बढ़ने लगी है। इसके साथ ही बच्चों में सदी, जुकाम और वायरल फीवर इन दिनों आम हो गया है।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बना रेफर सेंटर**

कहने को तो जांजगीर चाम्पा जिले के अंतर्गत 5 सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र आते है। इन केन्द्रों में डाक्टरों से लेकर कंम्पाऊंडर एवं स्टाफ नर्स की नियुक्त राज्य शासन के स्वास्थय विभाग के माध्यम की गई है ताकि दुरस्त अंचल में रहने वाले लोग जब अस्पताल पहुंचे तो समय पर उनका उपचार किया जा सके, लेकिन जिले के सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र महज रेफर सेंटर बनकर रह गया है। जिसके 5 चलते मरीजों को मजबूरन निजी अस्पतालो के माध्यम से उपचार कराने की मजबुरी बनी रहती है।

## कलश यात्रा के साथ आज प्रारंभ होगा अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ



**जांजगीर-चाम्पा।** जिला मुख्यालय के पुरानी बस्ती स्थित नवनिर्मित भगत चौक में सैकड़ों वर्ष पुराने वट वृक्ष के नीचे मोहल्लावासियों द्वारा विगत वर्षों की भांति 63 वॉ वर्ष पर अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ का शुभारम्भ 17 नवम्बर से किया जायेगा। यज्ञ के प्रथम दिवस यज्ञ स्थल भगत चौक पुरानी बस्ती से कलश यात्रा कीर्तन मण्डली के साथ भगवती देवी दाई मंदिर भीमा तालाब तक निकाली जावेगी। तत्पश्चात वरूण कलश पूजन कर कलश यात्रा संकीर्तन स्थल वापस होगी। साथ ही यज्ञ प्रारंभ हेतु देव आवाह्नन, स्थापना पूजा एवं स्वास्ति वाचन के साथ देव मूर्तियों की झांकी स्थापना की जावेगी। यहां 100 साल से अधिक विशाल वट वृक्ष के नीचे चबूतरे में पूरे सात दिन और सात रात राम नाम का जाप लगातार किया जाता है। वही जिले के मण्डली रामनाम की गायन करने मण्डली सहित पहुंचते है। यज्ञ का समापन 24 नवम्बर को किया जावेगा और उसी शाम भव्य नगर यात्रा भी निकाली जावेगी जहां श्रीकृष्ण राधा को पालकी में ऊठा पूरे नगर का भ्रमण कराया जावेगा। वही 25 नवम्बर को हवन, सहस्त्र धारा, ब्राम्हाण भोज का आयोजन किया जावेगा। आयोजन की तैयारी को अंतिम रूप देने समिति के संस्थापक, संरक्षक, अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्षगण, कोषाध्यक्ष, उप कोषाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, प्रचार-प्रसार अध्यक्ष, व्यवस्थापक, पुराजीगण, मंच संचालन प्रभारी सहित भगत चौक के निवासी जुटे हुए है।

## 15 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ 02 आरोपियों को किया गिरफ्ता

**जांजगीर** । अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप के मार्गदर्शन में थाना पामगढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया, जिसमें मुखबिर सूचना पर दिनांक 16/11/2024 को रेड कार्यवाही कर आरोपी 01. रामधानी चेलकर उम्र 50 वर्ष साकिन मुड़पार (ब) थाना पामगढ़ के कब्जे से एक नग स्टील के गुंडी अंदर भरा 16 नग प्लास्टिक पाउच में रखा 08 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 800/? रुपये एवं आरोपी मनोज कश्यप उम्र 35 वर्ष निवासी पामगढ़ थाना पामगढ़ के कब्जे से एक सफेद रंग थैला अंदर प्लास्टिक पाउच में रखा 07 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 700/ रुपये जुमला 15 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब को बरामद किया जाकर आरोपियो के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने से विधिवत कार्यवाही कर अलग अलग अपराध पंजीबद्ध कर 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार कर दिनांक 16.11.2024 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

उपरोक्त कार्यवाही मे उपनिरी. मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी पामगढ़, सउनि. सरोज पाटले, म.प्रधान आर. मंजू सिंह आर. मुकेश कमलेश, श्याम सरोज ओगरे, उमेश दिवाकर, रज्जू रात्रे, म.आर सविता पटेल एवं थाना पामगढ़ स्टाफ का योगदान रहा।

## जनजातीय गौरव दिवस पर शिक्षक कामता का सम्मान

**जांजगीर।** जनजातीय गौरव दिवस 2024 पर शासकीय प्राथमिक शाला कॉलोनीगंज पंतोरा में पदस्थ शिक्षक कामता प्रसाद सिंह मरावी को सम्मानित किया गया। उन्होंने शिक्षण में उत्कृष्ट शिक्षकीय और अन्य नवाचारी कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त किया है। आदिवासी समाज को गौरवांवित करने पर सांसद कमलेश जांगड़े,ि वधायक ब्यास कश्यप,ि वधायक शेषराज हरबंश, नगर पालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल और कलेक्टर आकाश छिकारा ने सम्मानित किया।

## जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन व नवीन जिंदल केएसके प्लांट पहुंचे

**जांजगीर-चांपा।** केएसके प्लांट को सबसे ज्यादा बोली लगाकर जेएसडब्ल्यू ने खरीद ली है। लेकिन अब हैंडओवर के पहले प्लांट में उत्पादन ठप होने का खतरा मंडराने लगा है। इसको लेकर शुक्रवार को जेएसडब्ल्यू के चेयरमेन सज्जन व नवीन जिंदल पहुंचे। साथ ही केएसके प्लांट का जायजा लिया गया। साथ ही केएसके प्लांट को जल्द ही हैंडओवर लेने की तैयारी की जा रही है। इसके संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

ज्ञात हो कि जिले के अकलतरा में प्रदेश का सबसे बड़ा केएसके प्लांट है। 3600 मेगावाट उत्पादन क्षमता का पावर प्लांट स्थापित है, लेकिन आज तक इसमें 3600 मेगावाट का बिजली उत्पादन नहीं हो सका है। वजह प्लांट तैयार होने के बाद लगातार विवादों में रहा है। ठीक से प्लांट को चलाया ही नहीं जा सका। इसलिए करोड़ों का कर्ज होने से प्लांट मालिक इसे चला नहीं सके। इसके बाद पिछले कुछ सालों से प्लांट एनसीएल्टी द्वारा चलाया जा रहा है। एनसीएल्टी द्वारा नीलामी की प्रक्रिया की गई। जिसमें सज्जन जिंदल जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने केएसके महानदी पावर प्लांट के लिए 15 हजार 985 करोड़ रुपए की सबसे ऊंची बोली लगाई गई। शनिवार को जेएसडब्ल्यू के चेयरमेन सज्जन जिंदल व उनके भाई नवीन जिंदल पहुंचे। साथ ही एनसएल्टी के प्रमुख सुमित बिनानी भी पहुंचे। इसके लिए पास में ही हेलीपेड बनाया गया था। हेलीपेड में उतरने के बाद कार से प्लांट का जायजा लिया गया। साथ ही एनसीएल्टी प्रमुख से केएसके प्लांट के बारे में जानकारी ली गई। इसके अलावा जल्द ही हैंडओवर वपुराने कई विवादित मामले में विस्तार से चर्चा की गई।

बताया जा रहा है कि जेएसडब्लयू ग्रुप के चेयरमेन के पहुंचने के बाद जल्द ही हैंडओवर ले लिया जाएगा। इसके बाद माह भर के अंदर जेएसडब्ल्यू ग्रुप के कब्जे में केएसके प्लांट आए जाएंगे। इसके बाद सबसे पहली प्राथमिकता प्रोजेक्ट के अधूरे कार्यों को 2 वर्ष में पूर्ण करने जोर दिया जाएगा। प्लांट के अन्य अधूरे कार्य को पूर्ण करने के लिए जेएसडब्ल्यू के अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई। वे केएसके प्लांट में बाकी कार्य को पूर्ण करने में जुट जाएंगे।

## श्याम जन्मोत्सव पर हुए विविध कार्यक्रम



**चांपा।** स्थानीय श्री श्याम बाबा सेवा समिति द्वारा त्रिदिवसीय श्याम जन्मोत्सव यानि कार्तिक ग्यारस के मौके पर श्याम मंदिर में विविधआयोजन किये गये। त्रिदिवसीय श्याम जन्मोत्सव र के पहले दिन 11 नवंबर को अपरान्ह 4 बजे से श्याम मंदिर में श्याम सखी मण्डल की महिला सदस्यों द्वारा अपने हाथों में श्री श्याम नाम की मेहंदी लगवायी गयी। आयोजन के द्वितीय दिवस 12 नवंबर को सुबह 8 बजे से श्री श्याम मित्र मण्डल के तत्वाधान में भव्य निशान यात्रा श्याम मंदिर तक निकाली गयी। इस दिन रात्रि 8 बजे से श्याम कीर्तन का आयोजन बिलासपुर श्याम प्रभू का दर्शन करती नेहा पांडेय व अन्य तथा अपने हाथों में श्याम नाम की मेहंदी लगवाती महिलाएं।

निवासी नेहा पाण्डेय द्वारा श्याम मंदिर में किया गया है। इस दौरान मंदिर में श्री श्याम प्रभु का भव्य दरबार, अलौकिक श्रृंगार, 56 भोग, आतिश बाजी के साथ मंदिर के समक्ष पूड़ी-सब्जी का प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन के तीसरे दिन 13 नवंबर को सुबह 11 बजे से मंदिर परिसर में श्री श्याम सखी मण्डल द्वारा संक्षिप्त श्याम पाठ किया गया। इसके पश्चाम दोपहर 1 बजे से अनिल मोदी के निवास परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। त्रिदिवसीय आयोजन को सफल बनाने में संरक्षण रामनारायण मोदी, शिव मोदी, उदयराम शर्मा सहित अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, सचिव अंकित मोदी, कोषाध्यक्ष किशोर मोदी के अलावा सुनील अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष दुर्गा अग्रवाल, पूर्व सचिव राज अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, घनश्याम मोदी, मनीष मोदी सहित श्याम बाबा सेवा समिति, श्याम सखी मण्डल तथा श्याम मित्र मण्डल के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## जमीन बंटवारे को लेकर दंपती पर जानलेवा हमला

### आरोपी पिता-पुत्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जमीन बंटवारे को लेकर दंपती पर जानलेवा हमला करने पिता और पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम खोरसी का है।

शिवरीनारायण पुलिस के अनुसार, खोरसी निवासी सुखेदव केंवट 15 नवंबर 2024 को शाम 7.30 बजे के आसपास अपने घर पर था। इस दौरान आरोपी राजेश केंवट वहां पहुंचा और जमीन बंटवारे को लेकर विवाद करने लगा कि बंटवारा कैसे नहीं दोगे। गाली-गलौज करते हुए जान से मारने दी। इस पर सुखदेव की पत्नी ने गाली-गलौज देने से मना किया तो राजेश ने बोल्डर से महिला के सिर पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद फिर राजेश ने हत्या की नीयत से सुखदेव के सिर पर लगातार कई वार कर दिए। जिससे सुखदेव गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद आरोपी व उसके पिताजी बहरू केंवट दोनों ने मिलकर प्रार्थी के चाचा अमृत केंवट व पिताजी खोलबहरा केंवट के साथ भी मारपीट की। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। एसपी के निर्देशन पर तत्काल शिवरीनारायण पुलिस ग्राम खोरसी पहुंची और आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। दोनों पिता-पुत्र से अलग-अलग पूछताछ की गई। जिस पर उन्होंने जमीन का बंटवारा नहीं देने की विवाद पर



बोल्डर पत्थर एवं डंडा से प्राणघातक हमला करना स्वीकार किया। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त पत्थर व डंडा बरामद किया गया। आरोपियों को धारा 109, 296, 351, (2), 3 (5) बीएनएस के तहत न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक सागर पाठक थाना प्रभारी शिवरीनारायण, सउनि नरेंद्र शुक्ला प्रआरक्षक तारिकेश पाण्डेय आरक्षक राजेश कौशिक, विकाश शर्मा दिलीप सांडे का योगदान रहा।

## गौण खनिज की तस्करी पर नियंत्रण बिल्कुल नहीं

### तहसीलदार ने मारा छापा, 5 ट्रैक्टर जब्त, लोहे के एंगल से बंद किया रास्ता



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के शिवरीनारायण से होकर गुजरी महानदी से रेत का अवैध उत्खनन चल रहा है। रेत परिवहन करने की शिकायत पर तहसीलदार टीम के साथ महानदी पहुंचे, जहां रेत का उत्खनन कर परिवहन कर रहे 5 ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है।दरअसल, शिवरीनारायण इलाके में रेत माफिया सक्रिय है। महानदी से रोजाना सैकड़ों की संख्या में अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे हैं। वहीं, बड़ी मात्रा में डंप किया जा रहा है। जिसकी शिकायत मिलने पर तहसीलदार अवनीश चौहान अपने टीम के साथ महानदी पहुंचे। रेत परिवहन कर रहे 5 ट्रैक्टर को मौके पर पकड़ा गया। ट्रैक्टर में लोड रेत को मौके पर खाली कराया गया। सभी ट्रैक्टरों को शिवरीनारायण थाने में सौंप दिया गया है। वहीं, रेत घाट जाने वाले रास्ते को लोहे के एंगल से बंद किया गया है। जिससे रेत की चोरी न किया जा सके।

## रामप्रसाद सोसायटी अध्यक्ष बने

**टुण्डरा।** प्राथमिक कृषि सहकारी समिति टुंडरा के अध्यक्ष रामप्रसाद साहू बने। वहीं नरधा समिति के अध्यक्ष पद पर नवरंगपुर के पूर्व सरपंच घासीराम मनहर की नियुक्ति हुई है। दोनों नियुक्ति होने पर बलौदाबाजार जिला सहित भाजपा मंडल क्षेत्र के लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं दीं हैं।कार्यक्रम में डॉ. सनम जांगड़े , दिनेश लाल जांगड़े, छतराम साहू, सत्यनारायण पटेल, नंदू बंजारे, हेमलाल, ईश्वर रात्रे ने शुभकामनाएं दीं।

## खिलाड़ियों और विद्यार्थियों को सम्मान मिला जनजाति गौरव दिवस पर



**जांजगीर चांपा।** बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जिला मुख्यालय स्थित आडिटोरियम में सांसद कमलेश जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस विधायक ब्यास कश्यप, शेषराज हरबंश, नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल समेत कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार के जमुई में आयोजित जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से दिखाया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र-छात्राएं एवं उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मान और प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के हितग्राही सर्वेक्षण का शुभारंभ किया गया। इसके साथ स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई।

कार्यक्रम में सांसद कमलेश जांगड़े ने भगवान बिरसा मुंडा के 150 वीं जयंती और जनजातीय गौरव दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जल जंगल जमीन की सुरक्षा के महानायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में आज हम यहां इकट्ठे हुए हैं। आज उनके साहस और संघर्ष को स्मरण करने का दिन है। हमारे माटी के वीरो ने देश एवं संस्कृति की रक्षा के लिए जो वीरतापूर्ण संघर्ष किया, आज भी हमारी प्रेरणा का स्रोत है।

इसके साथ उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के हितग्राही सर्वेक्षण का शुभारंभ हो रहा है, अब शहरी क्षेत्रों आवासहीन परिवारों को पक्का आवास मिलेगा। कार्यक्रम में जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप ने कहा कि देश की आज़ादी की लड़ाई में भगवान बिरसा मुंडा का अमूल्य योगदान था। भगवान बिरसा मुंडा हमारे गौरवाशाली इतिहास के नायक हैं।

उन्होंने झारखंड से नेतृत्व किया था एवं पूरे देश को स्वतंत्रता संग्राम को एक नई दिशा दी। विधायक पामगढ़ शेषराज हरबंश ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा प्रकृति के संरक्षक थे और उन्हें धरती आबा के नाम से संबोधित करते है। उन्होंने जल जंगल और जमीन के रक्षा के लिए अपने जीवन को समर्पित किया। हमे उनसे प्रेरणा लेकर जल जंगल ज़मीन का संरक्षक बनना चाहिए। कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन साहस, समर्पण एवं देश भक्ति की प्रेरणा देता है। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के स्वतंत्रता संग्राम में निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका एवं प्रेरणादायक विरासत का उल्लेख किया। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के हितग्राही सर्वेक्षण योजना की विस्तृत जानकारी भी दी। कार्यक्रम का संचालक व्याख्याता दीपक यादव ने किया। कार्यक्रम में गुलाब सिंह चंदेल, जिला पंचायत सदस्य कुसुम कमल साव, नगर पालिका जांजगीर-नैला उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, इंजी. रवि पांडेय, अपर कलेक्टर एस पी वैद्य सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

## रायगढ़ में 580 बोरी अवैध धान जब्त

**रायगढ़।** शनिवार को दो अलग-अलग कोचियों के घर में बने गोदाम से 580 बोरी अवैध धान जब्त किया गया है। उन पर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।जानकारी के अनुसार, ओडिशा सीमा से सटे होने के कारण रायगढ़ में धान के अवैध परिवहन पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसके लिए उड़नदस्ता टीम भी जिले का भ्रमण कर रही है। ऐसे में शनिवार को तमनार विकासखंड की उड़नदस्ता टीम को सूचना मिली कि धोराभांठा में दो अलग-अलग कोचियों के घर में अवैध धान का भंडारण किया गया है।जिसके बाद खाद्य, मंडी और राजस्व की संयुक्त उड़नदस्ता टीम ने मौके पर दबिश दी। धौराभांठा निवासी गणेश अग्रवाल के घर की तलाशी ली गई। वहां बने गोदाम में 430 बोरी धान का भंडारण पाया गया। जिसके बारे में पूछताछ करने पर वो जवाब नहीं दे पाया। जिसके बाद उड़नदस्ता टीम ने अवैध धान को जब्त कर लिया।

## परख परीक्षा के लिए बीईओ ने संस्था प्रमुखों की बैठक ली



**चांपा।** बच्चों में समझ और सोचने की क्षमता विकसित करने राष्ट्रीय स्तर पर ली जाने वाली परख परीक्षा की तैयारी को लेकर बम्हनीडीह बीईओ एमडी दीवान ने शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर चांपा के सभागार में संकुल प्राचार्यों, शैक्षिक समन्वयकों और अशासकीय संस्थाओं के प्राथमिक व मिडिल स्कूल के संस्था प्रमुखों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि परख कार्यक्रम बच्चों के शैक्षिक विकास से जुड़ी हुई शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है।

इसे गंभीरता से लेते हुए इसकी अच्छी तरह से तैयारी कराई जाए। बच्चों में उच्च स्तरीय मानसिक दक्षता जांच और प्रतियोगी परीक्षाओं के क्षमता विकास के लिए परख परीक्षा का आयोजन किया है। बच्चों में परीक्षा के प्रति रुझान पैदा करता है। इसके माध्यम से बच्चों में सोचने-समझने की क्षमता जागृत होती है। यह परीक्षा राष्ट्रीय स्तर पर 4 दिसंबर को पूरे भारत में होगी। तीसरी, छठवीं और नवमी के विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। इसकी व्यापक तैयारी के लिए 18 नवंबर को सभी स्कूलों में परीक्षा ली जाएगी।

उन्होंने सभी से कहा कि अपार आईडी के लिए सभी पात्र छात्रों का जल्द आईडी जनरेट करें। बैठक में यू डाइस को भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक को बीआरसी हीरेन्द्र बेहार ने भी संबोधित किया। इस दौरान प्राचार्य बजरंग श्रीवास, बसंत चतुर्वेदी, परमेश्वर राठौर, सुशील शर्मा सहित सभी प्राचार्य और शैक्षिक समन्वयक उपस्थित थे।

## नगर पंचायत बना नरियरा, अब भी नहीं लगाई गई स्ट्रीट लाइट

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पंचायत से नगर पंचायत बनने के बाद भी नरियरा में स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई है। इससे गलियों में अंधेरा छाया रहता है। सड़क पर अंधेरा छाए रहने से लोगों को परेशानी होती है।

इससे कभी चोरी होने की आशंका भी बढ़ जाती है। अंधेरा होने से जब पंचायत का कार्यकाल था तो भी स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं की गई थी। इसलिए की स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था के लिए पंचायत को राशि आवंटन किया, मगर स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई। उसकी जगह उन पैसों का दुरुपयोग किया गया। वर्तमान में नरियरा पंचायत से नगर पंचायत बन गया है। उसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं आया है। अध्यक्ष का कहना यह है कि शासन द्वारा राशि मिलनी है । मुख्य नगर पालिका अधिकारी कहते हैं कि राशि आवंटन नहीं होने के कारण स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं हो पा रही है।

## अनमोल वचन......

**दो तरह से देखने से चीज़े छोटी नजर आती है, एक दूर से और एक गुरुर से!**

## भारत विरोधी गतिविधियों को संरक्षण

*कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हिंदू मंदिर के पास हुई हिंसा को अस्वीकार्य बताया है। लेकिन उनकी जिम्मेदारी सिर्फ इसी से पूरी नहीं हो जाती। उन्हें इस शिकायत को दूर करना चाहिए कि कनाडा में भारत विरोधी गतिविधियों को संरक्षण दिया गया है। कनाडा में सड़कों पर भारतीय मूल के लोग मजहबी पहचान के आधार पर लडने-भिडने लगें, तो समझा जा सकता है कि वहां स्थिति कितनी खतरनाक बन गई है। वैसे भी गुजरे सवा साल में भारत- कनाडा के कूटनीतिक संबंधों में बढ़ी टकराहट ने वहां रहने वाले लाखों भारतवंशियों को आशंकित कर रखा है। रविवार को इसमें नया अध्याय जुड़ा, जब ब्रैम्पटन में एक हिंदू मंदिर के बाहर खालिस्तान समर्थक सिख पहुंच गए, जब वहां भारतीय वाणिज्य दूतवास का शिविर लगा हुआ था। खालिस्तान समर्थकों की नारेबाजी पर हिंदू समुदाय के लोगों ने आपत्ति की, जिस पर झगड़ा शुरू हो गया। कनाडा पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया, जो सभी हिंदू समुदाय के हैं। इस घटनाक्रम ने भावनाओं में और उबाल ला दिया है। घटना पर पहले कनाडा स्थित भारतीय उच्चायोग, फिर भारतीय विदेश मंत्रालय, और बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बयान जारी किया। मोदी ने कहा- मैं कनाडा में हिंदू मंदिर पर जानबूझ कर किए गए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हमारे राजनयिकों को डराने के कायरतापूर्ण प्रयास भी उतने ही भयावह हैं। इसके पहले भारतीय उच्चायोग ने भारत विरोधी तत्वों के हमले की निंदा की थी। स्पष्ट है, भारत सरकार ने घटना को बेहद गंभीरता से लिया है। बहरहाल, प्रमुख मुद्दा यह है कि कनाडा में भारतवंशियों के बीच ऐसे विस्फोटक हालात क्यों बनते जा रहे हैं और अब समाधान क्या है। क्या कनाडावासी भारतीय मूल के लोगों में फिर से आपसी संवाद कायम करना संभव है, ताकि मतभेदों के बावजूद वे हिंसा का शिकार ना बनें। ऐसे प्रयासों में दोनों देशों की सरकारों की प्रमुख भूमिका होनी चाहिए। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने ब्रैम्पटन में हिंदू मंदिर के पास हुई हिंसा को अस्वीकार्य बताते हुए शांति की अपील की है। लेकिन उनकी जिम्मेदारी सिर्फ इसी से पूरी नहीं हो जाती। उन्हें भारतवंशियों के मन में बैठी इस शिकायत का समाधान निकालना चाहिए कि उनकी सरकार कनाडा में भारत विरोधी गतिविधियों को संरक्षण देती है। उधर भारत सरकार से अपेक्षा है कि वह सभी समुदायों की तरफ बोले और कनाडा में सामुदायिक शांति के पक्ष में समझौताविहीन संदेश दे।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन अच्छा गुजरेगा और मन शांत रहेगा। आज छोटी-छोटी बातों में खुशी तलाश कर पायेंगे। जमीन- जायदाद के मामलों आज फैसला आपके पक्ष में आयेगा। आज आपके विरोधी भी आपके सामने दोस्ती का हाथ आगे बढ़ायेंगे। हर कोई आपकी प्रतिभा का लोहा मानेगा।

**वृष राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज आपकी कलात्मक क्षमता का विकास होगा। आज आप खुद तो गौरवानवित महसूस करेंगे। अगर आप कास्मेटिक का बिजनेस शुरु करना चाह रहे हैं तो उसके दिन आज का दिन उत्तम है।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन नॉर्मल रहेगा। आज आपको कार्यक्षेत्र में पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज आप हर स्थिति में अपना भावनात्मक संतुलन बनाने की कोशिश करेंगे और इसमें सफल भी रहेंगे। कठिन परिस्थिति बने, तो खुद को शांत रखने की कोशिश करें।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी बड़ी डील या पार्टनरशिप को करने से पहले सोच-समझकर आगे बढ़ने की जरुरत है। घरवालों के साथ किसी बात को लेकर मन-मुटाव हो सकता है। आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की जरुरत है। आईटी के क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज बिजनेस में मुनाफा होगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन अच्छा गुजरेगा। धन संबंधी दिक्कतों का आज आप आसानी से हल निकाल लेंगे। उधार दिये हुये पैसे आज आपको वापस मिल सकते हैं। घरवालों के साथ समय बितेगा। परिवार में आपकी इज्जत बढ़ेगी। इसके साथ ही पहले से चली आ रही समस्याओं अंत होगा।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन उम्मीद से ज्यादा अच्छा रहने वाला है। आज आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे वहां सफलता आवश्य ही आपके कदम चूमेगी। अगर आप छोटे स्तर पर कोई व्यापार शुरु करना चाहतें हैं तो उसके लिये आज का दिन उत्तम है। आपको बड़े भाई या पिता का सहयोग भी मिल सकता है। आपका हमेशा से सच्चाई के रास्ते पर चलना ही आपकी सबसे बड़ी खूबी बनेगी।

**तुला राशिः** आज आपका दिन समान्य बना रहेगा। छात्रों को पढ़ाई में आज और ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। मेहनत का परिणाम मिलने में अभी देरी है। जो लोग प्लॉस्टिक के व्यापार से जुड़े हैं उनको बिजनेस में उम्मीद से ज्यादा तरक्की मिलेगी। आज अपनी वाणी पर संयम रखने की आवश्यकता है। दूसरों के मैटर में अपनी राय रखने से बचें।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज करियर में तरक्की के रास्ते खुलेंगे। हर जगह आपकी प्रसंशा भी होगी। आज कोई छोटा उद्योग शुरु करने के लिये दिन उत्तम है। घरवालों का पूरा-पूरा सहयोग आपको मिलेगा। बिजनेस के लिहाज से की गई यात्रायें आपके लिये लाभकारी सिद्ध होंगी।

**धनु राशिः** आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आज आप किसी सामाजिक कार्य का हिस्सा भी बन सकते हैं। ऑफिस में आपके जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे। हर कोई आपके कामों से प्रभावित होगा। आपको को सुयोग्य कन्या मिल सकती है। जो लोग मार्केटिंग और सेल्स की फील्ड से जुडे हैं उनकों आज अच्छे क्लाइंट मिलने की संभावना है।

**मकर राशिः** आज आपका दिन सही रहेगा। आज घरवालों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने का मौका मिलेगा। बच्चों के साथ कहीं पार्क घूमने जाने का प्लॉन बना सकते हैं। शिक्षण के क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज तरक्की के नये अवसर मिलेंगे। आज नौकरी में प्रमोशन की संभावना बन रही है। आज आप धार्मिक कार्यों में रुची लेंगे। किसी धार्मिक आयोजन का हिस्सा भी बन सकते हैं।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन बहुत ही बेहतरीन रहने वाला है। आज किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी। आज आपको अचानक से कुछ ऐसा हासिल हो सकता है जिसकी आपको बहुत दिनों से तलाश थी। आज पूरे दिन आप नयी उर्जा से भरे रहेंगे। आपके कामों की हर जगह प्रशंसा भी होगी। जो लोग छोटे उदयोग जुड़े है। उनके बिजनेस में आज तेजी से वृद्धि होगी।

**मीन राशिः** आज आपका दिन ठीक-ठाक बना रहेगा। खुद को आर्थिक रुप से मजबूत बनाने की योजनाओं में सफल रहेंगे। कोर्ट-कचहरी के अंदर लंबे समय से चल रहे मामलों में आज फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। किसी बड़े कानूनी सलाहकार की मदद भी आपको मिल सकती है। पिता के स्वास्थ्य में आ रही दिक्कतों में आज सुधार नजर आयेगा। रुपये पैसे के लेन-देन में आज सावधानी बरतनें की जरुरत है।

# आप-हम सरीखी गाजर-मूलियों की तो बिसात ही क्या!

//पंकज शर्मा//

**इस साल 4 जून के बाद बेतरह लडखड़ा गई नरेंद्र भाई की देहभाषा को 8 अक्टूबर को थोड़ा सहारा मिल गया था। मगर अब अमेरिका में ट्रंप की जीत के बाद वे फिर एकदम अपने पूरे शबाब पर आ गए हैं। उन से भी ज़्यादा फूले-फूले वे हिंदुत्ववादी घूम रहे हैं, जिन्हें लग रहा है कि अब तो सैंया संसार के कोतवाल हो गए है तो डर काहे का। अब महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव में वे अपने पुराने से भी ज़्यादा मारक-घातक अंदाज़ में अवतरित हो गए हैं।**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुब्रह्मण्यन स्वामी भले ही दावा कर रहे हैं कि जब हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने डॉनल्ड ट्रंप की जीत के बाद पुलकित हो कर उन्हें बधाई देने को फ़ोन किया तो ट्रंप से उन की बात नहीं हो पाई। फ़ोन उठाने वाले ने कह दिया कि वे नवनिर्वाचित राष्ट्रपति को बता देंगे कि मुबारक़बाद देने के लिए आप का फ़ोन आया था। स्वामी का यह भी कहना है कि ट्रंप को मिले बधाई संदेशों के बारे में उन के दफ़्तर की तरफ़ से जारी सूची में भारत के प्रधानमंत्री का नाम नहीं है। लेकिन मुझे स्वामी का यह दावा सही कम, उन के बड़बोले व्यक्तित्व का हिस्सा ज़्यादा लगता है।

इसलिए मैं स्वामी के बजाय नरेंद्र भाई की, 6 नवंबर की रात 10 बज कर 28 मिनट पर, देशवासियों को बताई इस बात पर अटूट विश्वास कर रहा हूं कि मेरी अपने दोस्त राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से बहुत ही अच्छी बातचीत हुई। मैं ने उन्हें उन की शानदार जीत पर बधाई दी और कहा कि मैं आप के साथ एक बार फिर तकनालॉजी, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष और बहुत-से अन्य क्षेत्रों में भारत-अमेरिकी संबंधों को सुदृढ़ बनाने के लिए हिल-मिल कर काम करने की प्रतीक्षा कर रहा हूं। मैं यह मान ही नहीं सकता कि अपने जिस दोस्त के लिए जुलाई 2020 में नरेंद्र भाई अब की बार, ट्रंप सरकार' का नारा लगाने अमेरिका गए थे, वह नरेंद्र भाई का फ़ोन जाए और उन से बात न करे। ट्रंप कितने ही उद्दंड हों, वे इतने अशिष्ट हो ही नहीं सकते ख़ासकर नरेंद्र मोदी के साथ।

इस साल 4 जून के बाद बेतरह लडखड़ा गई नरेंद्र भाई की देहभाषा को 8 अक्टूबर को थोड़ा सहारा मिल गया था। मगर अब अमेरिका में ट्रंप की जीत के बाद वे फिर एकदम अपने पूरे शबाब पर आ गए हैं। उन से भी ज़्यादा फूले-फूले वे हिंदुत्ववादी घूम रहे हैं, जिन्हें लग रहा है कि अब तो सैंया संसार के कोतवाल हो गए है तो डर काहे का हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनावों के प्रचार में नरेंद्र भाई मेहंदी लगे पैरों से फूंक-फूंक कर डग भरते दिखाई दे रहे थे। मगर अब महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव में वे अपने पुराने से भी ज़्यादा मारक-घातक अंदाज़ में अवतरित हो गए हैं। मैं ने महाराष्ट्र की कुछ चुनावी-सभाओं में उन्हें बोलते सुना। वे शब्दों की ऐसी लाठी भांज रहे हैं, जो तथ्यों को भले ही सरेआम ठेंगा दिखा रही हो, मगर हवा में जिस की सांय-सांय काफी तेज़ सुनाई दे रही है।

नरेंद्र भाई को मालूम है कि महाराष्ट्र के आदिवासी उन के साथ नहीं हैं। राज्य में आदिवासियों के लिए आरक्षित चारों लोकसभा सीटें 2019 में भारतीय जनता पार्टी ने जीती थीं। लेकिन 2024 में उन में से एक ही भाजपा जीत पाई। इसलिए अपनी चुनावी सभाओं में वे ज़ोरशोर से बता रहे हैं कि आदिवासियों के लिए केंद्र की सरकार ने कितने काम किए हैं। मगर इस के फ़ौरन बाद नरेंद्र भाई अपने पसंदीदा विषय पर छलांग लगा देते हैं और राष्ट्रपति के चुनाव में आदिवासी प्रत्याशी द्रोपदी मुर्मू को हराने के लिए कांग्रेस की भूमिका का अनाप-शनाप जिक्र करने लगते हैं। वे कहते हैं कि कांग्रेस ने आदिवासियों के लिए कभी कुछ नहीं किया और कांग्रेस तो आदिवासियों को आगे बढ़ते देख ही नहीं सकती। अब जिन्हें यह मानना हो, मान लें कि भारत में आदिवासी कल्याण के सभी कार्यक्रम मई-2014 के बाद ही शुरू हुए हैं। नरेंद्र भाई को यह भी मालूम है कि दलित वोट देश भर में भाजपा से खिसक रहा है। इसलिए अपनी ताज़ा जनसभाओं में वे दूसरा काम कर रहे हैं लोगों के दिमाग़ों में यह बात बैठाने का कि जवाहरलाल नेहरू ने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को चुनाव हराने के लिए पूरी ताक़त लगा दी थी। वे कहते हैं कि नेहरू तो दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों को आरक्षण नहीं देने पर अड़े हुए थे। बाबा साहब ने बड़ी मुष्किल से आरक्षण दिलाया। जब इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनीं तो उन्होंने भी आरक्षण के खिलाफ यही रवैया जारी रखा। अब इतिहास भले ही इन सारी बातों की उलट-ग़वाही देता हो, चुनाव हैं तो नरेंद्र भाई की तोड़-मरोड़ को कोई क्या खा कर रोक सकता है। निर्वाचन आयोग तो नरेंद्र भाई के कुतर्कों की बौछारों से पिछले कई वर्षों में इतना भीग चुका है कि उस ने भीगी बिल्ली मुद्रा अख़्तियार कर ली है।

अब ज़रा संजीदगी से सोचिए कि धुले की जनसभा में कही नरेंद्र भाई की बातों से चुनावों की आदर्श आचार संहिता की धज्जियां बिखरती हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि देवेंद्र फडऩवीस ने मुझ से कहा कि आप हमारे लिए विकास के इतने काम कर रहे हैं, हज़ारों करोड़ रुपए आप विकास कार्यों पर खर्च कर रहे हैं तो हमारे इलाक़े में एक विमानतल भी बनवा दीजिए। तब तो मैं फडऩवीस की बात पर चुप रहा, मगर अब आप के सामने कह रहा हूं कि जैसे ही आचार संहिता खत्म हो जाएगी, जैसे ही महायुति की सरकार बन जाएगी, मैं फडऩवीस की इच्छा कैसे पूरी हो, उस पर बैठ कर बात करूंगा। आचार संहिता लगी होने के दरमियान नरेंद्र भाई का यह खुल्लमखुल्ला ऐलान निर्वाचन आयोग को चुनौती है या नहीं।

नरेंद्र भाई कांग्रेस मुक्त भारत' का अपना रौद्र-सपना पूरा करने के लिए एक दशक से आर-पार की लड़ाई लड़ रहे हैं। सो, महाराष्ट्र और झारखंड की चुनावी सभाओं में वे बार-बार दुहरा रहे हैं कि महात्मा गांधी तो खुद ही कांग्रेस को ख़त्म करना चाहते थे। कांग्रेस तो हमेषा देष को तोडऩे वाले षड्यंत्रों का हिस्सा रही है। आज़ादी के बाद से कश्मीर में भी कांग्रेस ने गड़बड़ की। बाबा साहेब का बनाया संविधान वहां कांग्रेस ने 70 साल तक लागू नहीं होने दिया। नरेंद्र भाई अपने भाषणों में लोगों को आग़ाह कर रहे हैं कि कश्मीर में साजिषें फिर षुरू हो गई हैं। कांग्रेस गठबंधन ने वहां धारा 370 फिर लागू करने का प्रस्ताव विधानसभा में पारित किया है। वे कहते हैं कि कांग्रेस और उसके साथियों की घिनौनी सच्चाई आप को समझनी होगी। ये संविधान हटाने का प्रस्ताव पारित करते हैं। मैं बाबा साहेब का संविधान कश्मीर ले गया और ये कोरे कागज वाली संविधान की किताब ले कर घूम रहे हैं।

खुद की पीठ खुद ही ठोकने का कर्मकांड संपन्न करने के बाद नरेंद्र भाई मतदाताओं को बताते हैं कि झूठ फैलाना, गुमराह करना और नफ़रत फैलाना ही कांग्रेस का काम है। वे महाविकास अघाड़ी के सभी राजनीतिक दलों को पाकिस्तान के इशारे पर काम करने वाला बताने में भी कोई कोताही नही बरतते हैं और चेतावनी देते हैं कि अघाड़ी पाकिस्तान के एजेंडा को देष में बढ़ावा देने की कोषिष न करे। वे विपक्ष के राजनीतिक दलों को ख़बरदार करते हैं कि कष्मीर को ले कर अलगाववादियों की भाशा मत बोलो। भारत के प्रधानमंत्री भारत के प्रतिपक्षी दलों को पाकिस्तान और अलगाववादियों से नत्थी कर रहे हैं और उन्हें इतनी विषैली बातें करते देख की भी जिन के रोंगटे खड़े नहीं होते, हम-आप उन्हें नमन करने के अलावा और क्या करें। जब हमारी तमाम संवैधानिक संस्थाएं ही इन कारस्तानियों की तरफ़ नज़र डालने की हिम्मत नहीं कर पाती हैं तो आप-हम सरीखी गाजर-मूलियों की तो बिसात ही क्या!

# देश या राज्य की राजनीति पर कोई खास असर नहीं

//अजीत द्विवेदी//

**एकाध अपवादों को छोड़ दें तो आमतौर पर उपचुनावों का देश या राज्य की राजनीति पर कोई खास असर नहीं होता है। जबलपुर लोकसभा सीट के उपचुनाव में शरद यादव की जीत या बिहार की वैशाली लोकसभा सीट पर उपचुनाव में लवली आनंद की जीत या झारखंड में तमाड़ विधानसभा सीट पर शिबू सोरेन की हार आदि कुछ अपवाद हैं। बाकी उपचुनाव आमतौर पर रूटीन के अंदाज में लड़े जाते हैं और सहज ही उसके फैसले भुला दिए जाते हैं। परंतु इस बार ऐसा नहीं है। इस बार 10 राज्यों की 31 विधानसभा सीटों और एक लोकसभा सीट पर बुधवार, 13 नंवबर को मतदान हुआ है और चार राज्यों की 14 विधानसभा और एक लोकसभा सीट पर 20 नवंबर को मतदान होगा।**

इन 47 विधानसभा और दो लोकसभा सीटों के नतीजों का बड़ा असर देश और संबंधित राज्यों की राजनीति पर पड़ेगा। हालांकि इनके नतीजों से केंद्र या संबंधित राज्य की सरकार की सेहत पर कोई असर नहीं होगा। इसके बावजूद इन चुनावों के नतीजे इसलिए अहम हैं क्योंकि उनसे संबंधित राज्यों की राजनीतिक दशा और दिशा तय होगी। इनसे यह भी पता चलेगा कि लोकसभा चुनाव का नतीजा एक संयोग था या सचमुच इंडिया' ब्लॉक का प्रयोग कामयाब हुआ था। चुनाव आयोग ने अचानक उत्तर प्रदेश की नौ सीटों का उपचुनाव 13 नवंबर से टाल कर 20 नवंबर क्यों किया इसका भी अंदाजा नतीजों से लगेगा।

उत्तर प्रदेश की नौ सीटों- फूलपुर, कटेहरी, करहल, सीसामऊ, मझवां, गाजियाबाद सदर, खैर, मीरापुर और कुंदरकी में उपचुनाव है। इनमें से चार सीटें समाजवादी पार्टी के, तीन भाजपा के और दो भाजपा के सहयोगियों रालोद व निषाद पार्टी के पास थीं। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। लोकसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस गठबंधन ने भाजपा को हरा दिया था। उसके बाद योगी की कुर्सी पर खतरा मंडरा रहा था। यह खतरा तभी टलेगा, जब राज्य की नौ सीटों पर होने वाले उपचुनाव में भाजपा बड़ी जीत हासिल करे। इसके लिए चुनाव की घोषणा के पहले से योगी आदित्यनाथ मेहनत कर रहे हैं।

ऐसा लग रहा था कि मेहनत में कुछ कमी रह गई तभी चुनाव आयोग ने 13 नवंबर का उपचुनाव 20 नवंबर कर दिया। क्योंकि आयोग ने चुनाव टालने का जो कारण दिया है वह निराधार है। आयोग ने गंगा स्नान और गुरु पूर्णिमा का कारण बताया है। लेकिन आठ नवंबर तक छठ होने का कारण बता कर प्रशांत किशोर ने बिहार में उपचुनाव आगे बढ़ाने को कहा था तो आयोग ने उसे खारिज कर दिया था। चुनाव आयोग के तर्क में कोई दम नहीं है। आयोग ने पहले ही मिल्कीपुर का चुनाव घोषित नहीं किया था, जो फैजाबाद लोकसभा सीट के तहत आता है।

बहरहाल, उत्तर प्रदेश की नौ सीटों का चुनाव योगी आदित्यनाथ की प्रतिष्ठा और उनके करिश्मे की परीक्षा है। चुनाव से पहले पार्टी के अंदर के मतभेद खुल कर सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री कटेंगे तो बंटेंगे' के नारे पर चुनाव लड़ रहे हैं तो उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को इससे ऐतराज है और वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे' के नारे का जिक्र कर रहे हैं। प्रयागराज में छात्रों का प्रदर्शन चल रहा है, जिसमें केशव मौर्य, पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह आदि छात्रों का समर्थन कर रहे हैं। दूसरी ओर सपा और कांग्रेस का गठबंधन बिखर गया। सपा अकेले सभी नौ सीटों पर लड़ रही है। अखिलेश यादव ने लोकसभा में आजमाए गए अपने पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक के फॉर्मूले को ज्यादा आक्रामक तरीके से आजमाया है। उन्होंने चार मुस्लिम, तीन पिछड़े और दो दलित उम्मीदवार उतारे हैं। सो, अखिलेश के पीडीए और योगी आदित्यनाथ के बटेंगे तो कटेंगे' की परीक्षा होनी है। इस बार बहुजन समाज पार्टी भी उपचुनाव लड़ रही है लेकिन उसकी नेता मायावती ने सिर्फ उम्मीदवार उतार कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली है। उपचुनाव का नतीजा बसपा के राज्य की राजनीति में हाशिए पर पहुंच जाने की धारणा को और पुख्ता करेगा।

बिहार की चार सीटों पर उपचुनाव 13 नवंबर को हो गया। इनमें से तीन सीटें- बेलागंज, रामगढ़ और तरारी राजद और सीपीआई माले की थीं, जबकि एक- इमामगंज सीट भाजपा की सहयोगी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा यानी हम की थी। इस बार दो सीट पर भाजपा, एक पर जदयू और एक सीट पर हम चुनाव लड़ रहा है तो दूसरी ओर तीन सीटों पर राजद और एक पर माले का उम्मीदवार है। यह पहली बार हो रहा है कि इन सीटों पर चुनाव आमने सामने का न होकर त्रिकोणात्मक हो रहा है क्योंकि चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने चारों सीटों पर अपने जन सुराज पार्टी का उम्मीदवार उतारा है।

वे 2025 का रोडमैप इस उपचुनाव से दिखाने का दावा कर रहे हैं। इस बार जदयू और प्रशांत किशोर दोनों ने राजद के मुस्लिम और यादव वोट में सेंध लगाने का दांव चला है। तो प्रशांत किशोर ने जदयू व भाजपा के लव कुश और सवर्ण वोट को तोडऩे के लिए भी उम्मीदवार उतारे हैं। सो, दोनों पारंपरिक गठबंधनों को साबित करना है कि असली लड़ाई उनकी ही है और प्रशांत किशोर कोई ताकत नहीं बन पाए हैं। इन चार सीटों के नतीजे से अगले साल के विधानसभा चुनाव की संभावनाओं का अंदाजा होगा। साथ ही इसका भी पता चलेगा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सेहत को लेकर चल रही चर्चाओं और तेजस्वी के सीएम पद के दावे को राज्य के मतदाता किस तरह से लेते हैं।

पश्चिम बंगाल की छह विधानसभा सीटों- सिताई, मदारीहाट, नैहाटी, हाड़ोआ, मेदिनीपुर और तालडांगरा में 13 नवंबर को मतदान हुआ। इनमें से दक्षिण बंगाल की पांच और उत्तर बंगाल की एक तालडांगरा सीट है। सभी छह सीटें तृणमूल कांग्रेस की हैं लेकिन उत्तर बंगाल में भाजपा मजबूत असर वाली पार्टी बन गई है। इन छह सीटों के उपचुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पूरी ताकत लगाई है क्योंकि नौ अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना के बाद यह पहला चुनाव है। उस घटना के बाद पूरे बंगाल में ममता सरकार के खिलाफ प्रदर्शन हुआ। महिलाएं सड़कों पर उतरीं और सिविल सोसायटी ने भी ममता का विरोध किया। संदेशखाली से कोलकाता तक मां, माटी और मानुष का उनका नैरेटिव बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। दूसरी ओर भाजपा भी मजबूती से चुनाव लड़ रही है, जबकि कांग्रेस और वाम मोर्चे का गठबंधन बिखर गया है। दोनों पार्टियों ने अपने अपने उम्मीदवार चुनाव में उतारे हैं। इनके नतीजों से पता चलेगा कि ममता बनर्जी सरकार के प्रति लोगों की धारणा कितनी बदली है।

पंजाब की चार सीटों- गिद्दड़बाह, डेरा बाबा नानक, बरनाला और चब्बेवाल पर 20 नवंबर को उपचुनाव होगा। आम आदमी पार्टी की सरकार और कांग्रेस दोनों के बीच जोर आजमाइश है लेकिन चूंकि अकाली दल ने सुखबीर बादल के तनखैया घोषित होने की वजह से चुनाव से अपने को अलग किया है तो भाजपा उसका फायदा उठाने की कोशिश में है। कांग्रेस अपने दो सांसदों अमरिंदर सिंह राजा वडिंग की पत्नी और सुखजिंदर सिंह रंधावा की पत्नी को टिकट देकर फंसी है तो दूसरी ओर भाजपा मनप्रीत बादल की सीट जीत कर मैसेज देने की कोशिश में है।

राजस्थान की सात सीटों- सलूंबर, चौरासी, झुंझनू, खींवसर, रामगढ़, दौसा और देवली उनियारा सीट पर 13 नवंबर को वोटिंग हो गई। पिछले साल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस कांटे की टक्कर में हार गई थी लेकिन इस साल लोकसभा चुनाव में 11 सीटें जीत कर उसने भाजपा को बड़ा झटका दिया। इन सात सीटों के नतीजे से पता चलेगा कि कांग्रेस अपना बेहतर प्रदर्शन जारी रख पाती है या नहीं। हालांकि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी और भारत आदिवासी पार्टी से गठबंधन टूटने से कांग्रेस बैकफुट पर है। उसके नेता सचिन पायलट की परीक्षा इस चुनाव में होनी है क्योंकि उनके इलाके की तीन सीटों पर उपचुनाव हुआ है। नए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भी साबित करना है कि वे डमी मुख्यमंत्री नहीं हैं। इसी तरह मध्य प्रदेश में भी भाजपा के नए मुख्यमंत्री मोहन यादव को अपनी क्षमता दिखानी है। वहां बुधनी और विजयपुर सीट पर मतदान हुआ है। इसमें से बुधनी शिवराज सिंह चौहान की सीट है।

## तस्वीरों की दुनिया



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर के सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में रोड शो किया।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने झारखंड के जामताड़ा में झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए एक जनसभा को संबोधित किया।



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी महाराष्ट्र के शिरडी में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले एक चुनावी रैली में शामिल हुईं।



कांग्रेस नेता और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के अमरावती में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले एक चुनावी रैली को संबोधित किया।



झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले धनवार में चुनावी रैली को संबोधित करते झामुमो अध्यक्ष और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने नई दिल्ली में दिल्ली न्याय यात्रा के दूसरे चरण में भाग लिया।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फूलपुर विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा में भाग लिया।

# नाइजीरिया पहुंचे पीएम मोदी, आज होगी उच्च स्तरीय वार्ता, आर्थिक और सैन्य सहयोग पर होगी बात

नईदिल्ली, 17 नवंबर [एजेंसी]।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नाइजीरिया की राजधानी अबुजा पहुंच गए हैं। यहां उनका स्वागत किया गया। वे 16 से 21 नवंबर तक नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की तीन देशों की यात्रा पर हैं। अपनी यात्रा के पहले चरण में प्रधानमंत्री नाइजीरिया में हैं। ब्राजील में, प्रधानमंत्री मोदी जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। अपनी यात्रा के तीसरे और अंतिम चरण में प्रधानमंत्री गुयाना की राजकीय यात्रा पर होंगे, 50 वर्षों से अधिक समय में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की दक्षिण अमेरिकी देश की यह पहली यात्रा है। आर्थिक दृष्टिकोण से सबसे संपन्न अफ्रीकी देशों में से एक नाइजीरिया और भारत के मधुर रिश्तों में आने वाले दिनों में गर्माहट और तेज होने के आसार है। खासतौर पर दोनों देशों के बीच आर्थिक व सैन्य सहयोग के नए युग की शुरुआत होने के संकेत है। रविवार को उनकी राष्ट्रपति बोला अहमद तिनुबू के साथ द्विपक्षीय बैठक में आपसी सहयोग को लेकर कई नई घोषणाएं होने की संभावना है। भारत की पूरी कोशिश है कि 17 वर्ष किसी भारतीय प्रधानमंत्री की नाइजीरिया यात्रा का दूरगामी असर हो। पीएम मोदी की इस यात्रा से नाइजीरिया में भारतीय कंपनियों के निवेश के लायक बेहतर माहौल बनाने



में मदद मिलेगी। हाल के वर्षों में दर्जनों भारतीय कंपनियों ने नाइजीरिया में निवेश की शुरुआत की है। असलियत में नाइजीरिया उन गिने-चुने अफ्रीकी देशों मे शामिल है, जहां भारतीय कंपनियां सफलतापूर्वक चीनी कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। नाइजीरिया, ब्राजील (जी-20 शिखर बैठक के लिए) और गुयाना की यात्रा पर रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने जारी बयान में कहा, नाइजीरिया पश्चिमी अफ्रीका में हमारा एक करीबी साझेदार है। हमारी इस यात्रा से लोकतंत्र व बहुवादी व्यवस्था में साझा भरोसा रखने वाले भारत व नाइजीरिया के बीच रणनीतिक साझेदारी को प्रगाढ़ करने में मदद मिलेगी। मैं वहां भारतीय समुदाय के लोगों से मिलने को भी उत्सुक हूं। इससे पहले वर्ष 2007 में तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह ने नाइजीरिया की यात्रा की थी। शीर्ष स्तर पर यात्रा नहीं होने का असर द्विपक्षीय रणनीतिक रिश्तों पर कितना पड़ा यह तो स्पष्ट नहीं है, लेकिन इस दौरान चीन ने नाइजीरिया में भारी-भरकम निवेश कर लिया है।

चीन की बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव (बीआरआइ-दूसरे देशों में इंफ्रास्ट्रक्चर लगाने की योजना) कार्यक्रम के तहत नाइजीरिया में बंदरगाह, रेलवे नेटवर्क, औद्योगिक पार्क और तिपहिया ईवी मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट लगाने में चीन ने निवेश किया है। चीनी कंपनियों ने वहां के खनिज क्षेत्र में बड़ा निवेश किया है और आज की तारीख में नाइजीरिया से वह बड़े पैमाने पर बहुमूल्य धातुओं का आयात करता है। कूटनीतिक सूत्र बताते हैं कि पिछले एक दशक में भारतीय कूटनीति ने अफ्रीका में नाइजीरिया समेत अन्य देशों के साथ रिश्तों पर ज्यादा ध्यान दिया है, जिसका असर वहां होने वाले भारतीय निवेश पर भी दिख रहा है। अगर नाइजीरिया की बात करें तो भारतीय कंपनियां आज चीन की कंपनियों के मुकाबले कम नहीं हैं। तकरीबन 200 भारतीय कंपनियां वहां कार्यरत हैं, जिन्होंने कुल 27 अरब डॉलर का निवेश किया है। चीन के मुकाबले भारतीय कंपनियों को आम जनता में ज्यादा इज्जत दी जाती है।

# डीएसपी संतोष पटेल ने 14 साल बाद सब्जी वाले को देखते ही लगा लिया गले, वायरल हुआ वीडियो



भोपाल, 17 नवंबर [एजेंसी]।

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में यूं तो न जाने कितने ही वाकये होते होंगे लेकिन इन दिनों एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें दिख रहा है कि डीएसपी साहब की गाड़ी भोपाल में एक सब्जी की दुकान पर रुकती है और गाड़ी में बैठे डीएसपी साहब दुकानदार को बुलाते हैं। पुलिसवाले को देखकर सब्जीवाला डर जाता है वह घबराता हुआ पुलिसवाले के पास पहुंचता है और तभी सब्जीवाला पहचान लेता है कि एक समय उसके यहां से फ्री सब्जी ले जाने वाला पढ़ने वाला लड़का आज एक डीएसपी बन गया है।इस प्यारी सी घटना का वीडियो मध्य प्रदेश के डीएसपी संतोष पटेल ने अपने एक्स हैंडल पर शेयर किया। वीडियो में देख सकते हैं डीएसपी संतोष पटेल ने सब्जीवाले से उसका नाम पूछा और उसने अपना नाम सलमान बताया। इतना सुनते ही डीएसपी संतोष पटेल गाड़ी से उतरकर सलमान को अपने गले से लगा लेते हैं। डीएसपी संतोष पटेल इस समय ग्वालियर में तैनात हैं।वीडियो के मुताबिक, चौदह साल पहले, भोपाल में इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान संतोष पटेल को एक कठिन वित्तीय स्थिति का सामना करना पड़ा, जिसके कारण उन्हें अक्सर भोजन का खर्च उठाने के लिए संघर्ष करना पड़ता था। उस कठिन समय के दौरान, स्थानीय सब्जी विक्रेता सलमान ही थे, जिन्होंने पटेल को मुफ्त में सब्जियां देकर उनकी मदद की। क्योंकि उन दिनों बाहर खाने के भी पैसे नहीं होते थे तभी सलमान उन्हें एक बैंगन और एक टमाटर देते थे जिसका बाद उनको खाना मिलता था। पटेल की कहानी सुन और उनका सलमान को अभी भी याद रखना लोगों को भावुक कर रहा है।वीडियो में डीएसपी पटेल कहते हैं कि मैं सलमान खान से तब मिला जब मैं भोपाल में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। वह मेरी स्थिति को समझते थे और मुझे मुफ्त में सब्जियां देते थे। 14 साल बाद अचानक मिलने पर तो हम दोनों को बहुत खुशी हुई। बुरे वक्त में जो आपका साथ दे उसे भूल जाना किसी पाप से कम नहीं है। एक व्यक्ति को कृतघ्न नहीं होना चाहिए।

# मोरबी पुल हादसे के आरोपित जयसुख पटेल को किया सम्मनित, पीड़ितों के परिवारों ने जताई नाराजगी

मोरबी, 17 नवंबर [एजेंसी]।



गुजरात के मोरबी झूला पुल हादसे के आरोपित उद्योगपति जयसुख पटेल को पाटीदार समुदाय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया है। इस हादसे में मारे गए लोगों के स्वजन ने इस कार्यक्रम पर नाराजगी व्यक्त की है। आयोजकों ने कहा है कि पटेल अभी जमानत पर हैं। उन्हें अजंता समूह की स्थापना करने वाले परोपकारी स्वर्गीय ओआर पटेल के बेटे के रूप में सम्मानित किया गया।उमा संस्कार धाम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शुक्रवार को मोरबी शहर के बाहरी इलाके में कड़वा पाटीदार कन्या केलवानी मंडल द्वारा आयोजित समारोह में पटेल को तराजू पर मोदक (मीठी पकौड़ी) से तौला गया। आयोजकों ने कहा है कि मोदक को 60 हजार पैक कर पाटीदार परिवारों में वितरित किया जाएगा। पीड़ितों के परिवारों की ओर से नरेंद्र परमार ने कहा कि मोरबी झूला पुल ढहने के मुख्य आरोपित को इस तरह से सम्मानित होते देखना हमारे लिए दुख की बात है। मोरबी में 2020 में हुई पुल ढहने की घटना में 135 लोगों की जान चली गई थी। इस पुल की देख-रेख का जिम्मा जयसुख की ही कंपनी के पास था। घटना के बाद उन्हें इस मामले में मुख्य आरोपित बनाया गया था। गुजरात में खेती की जमीन का व्यवसायिक व आवासीय उपयोग में बदलने के लिए जिला कलक्टरों के अधिकारों में बढ़ोतरी की गई है।

अब पांच करोड़ रुपये तक की जमीन का निर्णय जिला कलक्टर कर सकेंगे, पहले 50 लाख से अधिक की जमीन पर फैसला राज्य सरकार करती थी। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य के विकास को गति देने के लिए राजस्व नियमों में बड़ा बदलाव करते हुए जिला कलक्टरों को खेती की जमीन को बदलने की अधिक छूट दी है। राजस्व विभाग के संयुक्त सचिव एस सी पटेल ने एक आदेश जारी कर इसकी जानकारी दी। राज्य में औद्योगिक विकास, व्यापार, रोजगार, पर्यटन व आवासीय परियोजनाओं को गति देने के लिए यह निर्णय किया गया है। अहमदाबाद, सूरत, गांधीनगर, राजकोट, वडोदरा, कच्छ सहित अन्य जिलों के विविध प्रोजेक्ट की फाइलें मंजूरी के लिए सरकार के पास लंबित हैं, इस फैसले के बाद अब जिला स्तर पर इनके निपटारे में गति आएगी।

# समानता की बातें करने से कुछ नहीं होता, MP हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने कहा- अब तक SC-ST वर्ग से कोई नहीं बना जज



विदिशा, 17 नवंबर [एजेंसी]।

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत ने शनिवार को कहा कि प्रदेश में हाईकोर्ट का गठन वर्ष 1956 में हुआ था। 68 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अब तक यहां एससी या एसटी वर्ग का कोई व्यक्ति न्यायाधीश नहीं बन सका। उन्होंने कहा, ऐसा क्यों हुआ, यह मुझे नहीं पता, जबकि ऐसे व्यक्ति थे, जो न्यायाधीश बन सकते थे, लेकिन नहीं बने तो कोई वजह होगी। आज जब हम समानता की बात करते हैं तो हमें फिर सोचने को जरूरत है कि ऐसा क्यों हो रहा है। अधिवक्ता स्व. राजकुमार जैन की स्मृति में आयोजित सेमिनार में सामाजिक न्याय विषय पर बोलते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि केवल समानता की बातें करने से कुछ नहीं होगा। समानता के साथ बंधुत्व की भावना भी जरूरी है।उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट में आज भी न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति में कुछ नियम इतने सख्त हैं कि उन्हें पूरा करना कई लोगों के लिए मुश्किल होता है। इसी के चलते प्रदेश में जजों के एसटी वर्ग के 109 पद रिक्त पड़े हैं। इस वर्ग के विद्यार्थी कड़े नियमों को पूरा नहीं कर पाते हैं। इन स्थितियों को दूर करने के लिए यदि हम उनकी सहायता करेंगे तो वे भी आगे बढ़ पाएंगे।उन्होंने यह भी कहा कि अपराध घटित होने के पीछे सबसे बड़ा कारण शिक्षा का न होना है। जैसे-जैसे शिक्षा मिलनी शुरू होगी, वैसे-वैसे अपराध कम होते जाएंगे। इसी आयोजन में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधिपति जेके माहेश्वरी ने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की संख्या में वृद्धि हुई है। इन अपराधों से बचने के लिए महिलाओं को शिक्षित और आर्थिक रूप से मजबूत बनना पड़ेगा। हमारे समाज में महिलाओं की स्थिति क्या होनी चाहिए थी और क्या हो गई है, ये किसी से छिपी नहीं है। यह सब हमारी विचार प्रक्रिया में भेदभाव आने के कारण हुआ।उन्होंने संविधान के विभिन्न आर्टिकल का उदाहरण देते कहा कि स्वतंत्रता और सम्मान महिलाओं का अधिकार है। वे महिलाओं के संबंध में न्याय प्रक्रिया को चार भागों में बांटते हैं, जिनमें प्रगतिशील, सुरक्षात्मक, दंडात्मक और पुनर्वास शामिल है।

### एलएसी पर सेनाओं के पीछे हटने का काम पूरा, अब चीन के साथ तनाव कम करने पर ध्यान, जयशंकर ने बताया आगे का प्लान

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ विवाद निपटाने के एक हिस्से के तौर पर दोनों ओर की सेनाओं के पीछे हटने का काम पूरा हो गया है और अब आगे ध्यान तनाव कम करने पर होगा।उन्होंने कहा कि अंतिम दौर की सैन्य वापसी के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों में कुछ सुधार की उम्मीद करना उचित है, लेकिन यह कहने से संकोच किया कि महज इस कदम से दोनों पड़ोसी देशों के बीच रिश्ते अपने पुराने स्वरूप में लौट सकते हैं।जयशंकर ने यहां एक मीडिया हाउस के कार्यक्रम में कहा कि मैं सेनाओं के पीछे हटने (डिसइंगेजमेंट) को बस उनके पीछे हटने के रूप में देखता हूं, न उससे कुछ ज्यादा और न कुछ कम। अगर आप चीन के साथ मौजूदा स्थिति को देखें तो तो हमारे सामने एक ऐसा मुद्दा रहा कि हमारे सैनिक असहज तौर पर एलएसी के बिल्कुल करीब हैं, जिससे हमें उनके पीछे हटने का कदम उठाने की जरूरत पड़ी।

# स्कूलों में मासिक धर्म संबंधी स्वच्छता की जमीनी स्थिति पर गौर करे सरकार, केंद्र से बोला सुप्रीम कोर्ट



नईदिल्ली, 17 नवंबर ।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा है कि वह मासिक धर्म स्वच्छता संबंधी नीति को लागू करने से पहले स्कूलों में इसकी जमीनी स्थिति से संबंधित पहलुओं को स्पष्ट करे। जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने 12 नवंबर को सुनवाई के दौरान एडिशनल सालिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि वे याचिकाकर्ता द्वारा उजागर किए गए पहलुओं पर गौर करें और अगली सुनवाई तक स्थिति स्पष्ट करें। मामले की अगली सुनवाई तीन दिसंबर को होगी। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत को सूचित किया गया कि केंद्र सरकार ने स्कूलों में छात्राओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता के संबंध में राष्ट्रीय नीति तैयार की है। एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि नीति के उचित और प्रभावी कार्यान्वयन के लिए अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि तैयार की गई नीति में किसी भी तरह से याचिका में मांगी गई राहतों का खयाल नहीं रखा गया है। याचिकाकर्ता के वकील ने इस बात पर प्रकाश डाला कि नीति आवश्यक जानकारी प्राप्त किए बिना या जमीनी स्थिति का आकलन किए बिना तैयार की गई है।याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत के ध्यान में लाया कि याचिकाकर्ता की हाल ही में जिला दमोह, मध्य प्रदेश की यात्रा के दौरान, याचिकाकर्ता ने पाया कि स्कूलों में कोई चपरासी नहीं थे और सरकारी मध्य विद्यालयों में हाउसकीपिंग जैसी कोई चीज नहीं थी।

याचिकाकर्ता ने विभिन्न जिलों में रहने वाले विभिन्न लोगों से भी पूछताछ की और पाया कि स्थिति बहुत गंभीर थी। याचिकाकर्ता ने आगे कहा कि मध्य प्रदेश के जिला दमोह में, विशेष रूप से मध्य विद्यालयों (12 से 15 वर्ष के बीच) में सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने की कोई सुविधा नहीं है और यदि किसी लड़की को इसकी आवश्यकता होगी, तो स्कूल से लड़की को जाने के लिए कह दिया जाता है।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में पुलिस को बड़ी सफलता, मर्डर में शामिल लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का एक और सदस्य गिरफ्तार

फाजिल्का, 17 नवंबर [एजेंसी]।

महाराष्ट्र के मुंबई के एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में पुलिस को एक और सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने पंजाब के फाजिल्का से लॉरेंस बिश्नोई के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया है।एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पंजाब व महाराष्ट्र पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन के बाद भारत-पाक सरहद के बसे गांव पक्का चिश्ती के अकाशदीप नाम के युवक को अरेस्ट किया है। पुलिस सुरक्षा के बीच उसे सरकारी अस्पताल में लाया गया और मेडिकल के बाद अदालत में पेश करके ट्रांजिट रिमांड के बाद उसको मुंबई भेज दिया गया है।बता दें कि



12 अक्टूबर को 66 वर्षीय एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद पुलिस लगातार एक्शन में है और धड़ाधड़ कड़ी के साथ कड़ी मिलाकर गिरफ्तारियां कर रही है, जिसके तहत अब इस केस के तार पंजाब के सरहदी जिले फाजिल्का से भी जुड़ते नजर आ रहे हैं। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी इसकी जानकारी साझा की।

उन्होंने लिखा कि पंजाब एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने महाराष्ट्र पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में मुंबई में बाबा सिद्दीकी की हत्या के सिलसिले में फाजिल्का निवासी आकाश गिल को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आकाश कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के लिए काम करता है। उसने बाबा सिद्दीकी की हत्या को अंजाम देने वाले आरोपितों को रसद सहायता प्रदान की थी। उसको आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए ट्रांजिट रिमांड पर मुंबई लाया जा रहा है।

# बंगाल में नगर पालिका के वाइस चेयरमैन ने घर में की आत्महत्या परिवारवालों का दावा- उनको ब्लैकमेल किया जा रहा था

कोलकाता, 17 नवंबर [एजेंसी]।

बंगाल की उत्तर बैरकपुर नगरपालिका के वाइस चेयरमैन व तृणमूल कांग्रेस पार्षद सत्यजीत बंद्योपाध्याय का संदिग्ध परिस्थितियों में उनके घर में फंदे से लटकता शव बरामद हुआ है। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सत्यजीत गत गुरुवार को लापता हो गए थे, शुक्रवार रात खुद ही घर लौट आए थे। कुछ देर बाद फिर निकल गए। जाते वक्त अपना मोबाइल भी घर छोड़ गए थे। अगले दिन सुबह घर में ही फंदे से लटकी हालत में उनका शव बरामद हुआ। बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट के उपायुक्त (उत्तर) गणेश बिश्वास ने बताया-मामले की जांच की जा रही है। अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। यह आत्महत्या है या हत्या, पुलिस इसकी जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।सत्यजीत के स्वजन का दावा है कि फर्जी वीडियो तैयार करके उन्हें ब्लैकमेल किया जा रहा था। शव के पास से ढाई पन्नों का एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने इसका उल्लेख किया है। चार लोगों के नाम लिखे हैं।

# दक्षिणी राज्यों में बढ़ रही बुजुर्गों की आबादी, कम पैदा हो रहे हैं बच्चे, चर्चा में चंद्रबाबू नायडू का नया बयान

नईदिल्ली, 17 नवंबर [एजेंसी]।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को कहा कि दक्षिणी राज्यों में बुजुर्गों की आबादी बढ़ रही है जबकि बच्चों के जन्म की दर कम हो रही है, ऐसे में जनसंख्या प्रबंधन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पहले जनसंख्या वृद्धि को हतोत्साहित करने के लिए नीति बनाई थी, वहीं उनकी सरकार अब इसे प्रोत्साहित करने के लिए नीतियां बना सकती है। चंद्रबाबू ने एक मीडिया हाउस के कार्यक्रम



में कहा, लोग पूछ रहे हैं कि जनसंख्या प्रबंधन क्या है। सभी यूरोपीय देशों, यहां तक कि जापान, चीन में भी बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है। इस मामले में केवल भारत को 2047 तक फायदा मिलने वाला है। अब दक्षिण भारत में बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है। दक्षिणी राज्यों में प्रजनन दर 1.6 है। जनसंख्या संतुलन बनाए रखने के लिए प्रजनन दर 2.1 होनी चाहिए।नायडू ने कहा कि दक्षिणी राज्यों में जनसंख्या वृद्धि दर फिलहाल सीमा रेखा पर है। जल्द ही जनसंख्या घटने लगेगी। इस पर अगर ध्यान नहीं दिया तो समस्या खड़ी हो जाएगी, वहीं यदि जनसंख्या प्रबंधन कर सकें तो भविष्य में भारत के 30-40 करोड़ लोग पूरी दुनिया में जाएंगे। वे हर जगह सेवाएं देकर पैसा कमाएंगे।सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रमुख सहयोगी के रूप में उनकी तेलुगु देशम पार्टी की भूमिका के बारे में नायडू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत ब्रांड को बहुत मजबूत बना दिया है। मोदी आधुनिक दृष्टिकोण वाले मजबूत नेता हैं। हम न केवल उनका समर्थन कर रहे हैं, बल्कि उनके प्रयासों को मजबूत भी करेंगे।केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के गोदावरी और पेन्नार नदियों को जोड़ने के प्रस्ताव पर सहमति जताई है।

तेलुगू देशम पार्टी ने शुक्रवार को बताया कि केंद्र ने प्रदेश की राजधानी अमरावती के निर्माण में भागीदारी के लिए सिंगापुर के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दिखाई है। टीडीपी सांसद लावु कृष्णदेवारायलु ने कहा कि प्रदेश के पिछड़े रायलासीमा क्षेत्र के विकास के लिए अति महत्वपूर्ण दोनों नदियों को जोड़ने के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार ने हरी झंडी दे दी है।

# अमेरिका में नौकरियों में भारी कटौती के संकेत, रामास्वामी बोले- नहीं किया तो रोमन साम्राज्य की तरह खत्म हो जाएंगे

वाशिंगटन, 17 नवंबर [एजेंसी]।




अमेरिका में गैरजरूरी सरकारी खर्च को कम करने और सरकार की क्षमता बढ़ाने के लिए नियुक्त मंत्री विवेक रामास्वामी ने सरकारी नौकरियों में भारी कटौती के संकेत दिए हैं। आने वाली सरकार के निर्णय के चलते भारतीय मूल के कई लोगों की भी सरकारी नौकरी जा सकती है। रामास्वामी ने कहा कि एलन मस्क और वह लाखों लोगों को नौकरियों से बाहर करने वाले हैं। ऐसा इसलिए करेंगे क्योंकि हमें अपना देश बचाना है। रामास्वामी ने यह बात ट्रंप के मार-अ-लागो रिजार्ट में आयोजित कार्यक्रम में गुरुवार को कही है। उन्होंने कहा कि बीते चार वर्षों में अमेरिका की हालत निरंतर खराब हुई है। अगर इस सिलसिले को खत्म नहीं किया गया तो हम प्राचीन रोमन साम्राज्य की तरह खत्म हो जाएंगे। इसलिए हम सभी को मिलकर गलत परंपराओं से लड़ना होगा। हमें अपने देश के सबसे अच्छे दिन लाने होंगे।उल्लेखनीय है कि निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मस्क और रामास्वामी को सरकार की क्षमता बढ़ाने वाले विभाग का प्रमुख बनाया है। दोनों ने घोषणा की है कि वे हर सप्ताह अपने विभाग के कार्य की प्रगति की जानकारी देश की जनता को देंगे। रामास्वामी ने कहा कि दोनों का उद्देश्य सरकार के आकार को कम करना और कामकाज को पारदर्शी बनाना है। निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने 27 वर्षीय कैरोलिन लेविट को व्हाइट हाउस का नया प्रेस सचिव नामित किया है।

वह इस पद को संभालने वाली सबसे कम उम्र की महिला होंगी। ट्रंप के राष्ट्रपति के पूर्व कार्यकाल में वह व्हाइट हाउस में सहायक प्रेस सचिव थीं। कैरोलिन ट्रंप के 2024 के चुनाव के दौरान उनकी प्रेस सचिव रही थीं। ट्रंप ने उन्हें स्मार्ट, सख्त और प्रभावी तरीके से संपर्क साधने वाली महिला बताया है।अमेरिका में एक भारतवंशी नेता ने कहा कि बांग्लादेश के हिंदुओं के पक्ष में मजबूत बयान देने के कारण भारतवंशी समुदाय ने डोनाल्ड ट्रंप के पक्ष में मतदान किया था। मगर अब समुदाय यह देखेगा कि पद संभालने के बाद उन्होंने क्या किया। भारतवंशी नेता ने यह भी कहा कि डेमोक्रेटिक पार्टी ने भारत जैसे देशों के लिए मानवाधिकारों को राजनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया जिससे हम निराश हुए। वाशिंगटन डीसी में दीपावली समारोह में भाग लेने पहुंचे भारतवंशी चिकित्सक डॉ. भरत बराई ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचार की कोई निंदा नहीं की।उन्होंने कहा कि ट्रंप को बांग्लादेशी हिंदुओं के बारे में मजबूत बयान देने का लाभ मिला है। मगर लोग अब ट्रंप जो करेंगे उसके आधार पर उनका मूल्यांकन करेंगे। ट्रंप ने एक बयान में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले की निंदा की थी। डॉ. भरत ने कहा, अगर कपड़ा निर्यात में कटौती कर दी जाए तो बांग्लादेश के लोग क्या खाएंगे। कपड़ा निर्यात उनके कारोबार का 80 प्रतिशत है।

### चीन में छात्र ने लोगों पर चाकू से किया हमला, आठ की मौत और 17 से अधिक घायल, ये वजह आई सामने

**बीजिंग।** पूर्वी चीन के जियांग्सू प्रांत में शनिवार को कॉलेज परिसर में हुई चाकूबाजी में आठ लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। वहीं, पुलिस ने हमलावर को पकड़ लिया है। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह हमला यिक्सिंग शहर के वूशी वोकेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट्स एंड टेक्नोलॉजी में शाम करीब साढ़े छह बजे हुआ। चीन में इस सप्ताह नागरिकों पर यह दूसरा हमला है।सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यिक्सिंग के सार्वजनिक सुरक्षा ब्यूरो द्वारा जारी एक बयान में कहा कि हमलावर की पहचान कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध का नाम शू है जो 21 साल का है। उसको घटनास्थल से पकड़ लिया गया है और उसने अपना अपराध कबूल कर लिया है। आगे पुलिस ने बताया कि आरोपित छात्र शू परीक्षा में फेल होने के कारण स्नातक प्रमाणपत्र न मिलने तथा इंटर्नशिप के दौरान कम पैसा मिलने की वजह से गुस्से में था।

# रोड शो के दौरान बिगड़ी गोविंदा की तबीयत चुनाव प्रचार छोड़कर मुंबई लौटना पड़ा




जलगांव, 17 नवंबर [एजेंसी]।

फिल्म अभिनेता गोविंदा को अपना चुनाव प्रचार बीच में ही छोड़कर मुंबई लौटना पड़ा। अभिनेता गोविंदा ने शनिवार को खराब स्वास्थ्य का हवाला दिया। जलगांव में गोविंदा को कई जनसभाओं में हिस्सा लेना था। मगर खराब स्वास्थ्य की वजह से कार्यक्रम रद करना पड़ा। गोविंदा यहां महायुति प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करने पहुंचे थे। 20 नवंबर को महाराष्ट्र की सभी 288 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में वोटिंग है। तीन दिन बाद यानी 23 नवंबर को मतगणना होगी।गोविंदा ने पचोरा में रोडशो किया। मगर यहां तबीयत खराब होने पर इसे बीच में ही रोक दिया गया। जानकारी के मुताबिक गोविंदा को मुक्ताईनगर, बोडवाड़, पचोरा और चोपड़ा में प्रचार करना था। रोडशो के दौरान गोविंदा ने लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े होने की अपील की।उन्होंने लोगों से भाजपा, शिवसेना और एनसीपी के गठबंधन महायुति को समर्थन देने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि गोविंदा कांग्रेस से लोकसभा के सांसद भी रह चुके हैं। मगर बाद में उन्होंने सीएम एकनाथ शिंदे की नेतृत्व वाली शिवसेना का दामन थामा।बता दें कि कुछ दिन पहले मुंबई स्थित गोविंदा के घर में बड़ा हादसा हुआ था। दरअसल, उनके पैर में गोली लग गई थी। अस्पताल में भर्ती होने के बाद डॉक्टरों ने गोली निकाला थी।

# रेजिस्टेंस बैंड स्क्वाट्स के जरिए बढ़ सकती है पैरों की ताकत

रेजिस्टेंस बैंड स्क्वाट्स एक असरदार एक्सरसाइज है, जो पैरों की मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करती है। यह एक्सरसाइज न केवल जिम में, बल्कि घर पर भी आसानी से की जा सकती है।रेजिस्टेंस बैंड का उपयोग करने से मांसपेशियों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे उनकी ताकत और सहनशक्ति बढ़ती है।इस लेख में हम रेजिस्टेंस बैंड स्क्वाट्स के कई पहलुओं पर चर्चा करेंगे और जानेंगे कि इस एक्सरसाइज को करने का सही तरीका क्या है।



**सही स्थिति अपनाएं**

रेजिस्टेंस बैंड स्क्वाट्स करते समय सही स्थिति बहुत अहम होती है। सबसे पहले, अपने पैरों को कंधों की चौड़ाई पर रखें और रेजिस्टेंस बैंड को अपने घुटनों के ऊपर या नीचे रखें।अब धीरे-धीरे नीचे बैठें, जैसे कि आप एक कुर्सी पर बैठ रहे हों। ध्यान दें कि आपकी पीठ सीधी होनी चाहिए और घुटने आपके पैर की उंगलियों से आगे नहीं जाने चाहिए।इस स्थिति को कुछ सेकंड तक बनाए रखें और फिर वापस खड़े हो जाएं।

**इस एक्सरसाइज के दौरान इस तरह से लें सांस**

सही तरीके से सांस लेना भी इस एक्सरसाइज का अहम हिस्सा है। जब आप नीचे बैठ रहे हों, तो धीरे-धीरे सांस लें और जब आप वापस खड़े हो रहे हों, तो धीरे-धीरे सांस छोड़ें।ऐसा करने से आपकी मांसपेशियों को पर्याप्त ऑक्सीजन मिलता रहेगा, जिससे आप थकान महसूस नहीं करेंगे और आपको बेहतर परिणाम मिल सकेंगे।इसके अलावा, सही तरीके से सांस लेने से ऊर्जा भी बनी रहती है, जिससे आप अधिक समय तक एक्सरसाइज कर सकते हैं।

**नियमितता बनाए रखें**

किसी भी एक्सरसाइज का असर तभी दिखता है, जब उसे नियमित रूप से किया जाए। रेजिस्टेंस बैंड स्क्वाट्स को सप्ताह में 3 बार करें, ताकि आपकी मांसपेशियां मजबूत बन सकें।शुरुआत में 10-15 सेट करें और धीरे-धीरे इसे बढ़ाकर 20-25 सेट तक ले जाएं। इसके साथ ही, अपने एक्सरसाइज करने के समय को भी धीरे-धीरे बढ़ाएं, ताकि आपकी मांसपेशियों की सहनशक्ति बढ़ सके और आप बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकें।नियमितता बनाए रखने से ही आपको जल्द लाभ मिलेगा।

**वार्म अप करना न भूलें**

एक्सरसाइज शुरू करने से पहले वार्म अप करना बहुत जरूरी होता है, ताकि आपकी मांसपेशियां तैयार हो सकें और चोट लगने का खतरा कम हो सके।हल्की दौड़, जंपिंग जैक्स या स्ट्रेचिंग जैसे वार्म अप करें, ताकि आपका शरीर एक्सरसाइज करने के लिए तैयार हो सके।इससे न केवल आपकी मांसपेशियों में लचीलापन आता है, बल्कि रक्त संचार भी बेहतर होता है। इस एक्सरसाइज के दौरान अधिक ऊर्जा मिलती है और चोट का खतरा कम होता है।

**स्ट्रेचिंग करना भी है जरूरी**

एक्सरसाइज खत्म करने के बाद स्ट्रेचिंग करना न भूलें, क्योंकि इससे मांसपेशियों को आराम मिलता है और उनमें लचीलापन आता है।क्वाड्रिसेप्स, हेमस्ट्रिंग्स और काफ मसल्स की स्ट्रेचिंग करें, ताकि आपके पैरों की सभी अहम मांसपेशियां आराम पा सकें।रेजिस्टेंस बैंड स्क्वाट्स एक सरल लेकिन असरदार एक्सरसाइज है, जो आपके पैरों की ताकत बढ़ाने में मदद कर सकती है।इसे सही तरीके से करने से आप अपने पैरों की मांसपेशियों को मजबूती दे सकते हैं।

# करेला के जूस में छिपा है सेहत का राज, रोजाना पीने से मिलेंगे कई फायदे



करेला का जूस शरीर के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है. यह एक खास तरह की सब्जी होती है. जो कड़वे स्वाद और अपने फायदे के लिए जाने जाते हैं. करेला का जूस सेहत के लिए बहुत अच्छा होता है. इसमें कई तरह के औषधीय गुण होते हैं. करेला का जूस भले ही स्वाद में कड़वा होता है लेकिन यह पूरे शरीर को डिटॉक्स करने का काम करता है. साथ ही साथ ब्लड में शुगर लेवल को कंट्रोल करने का काम करता है. इसे पीने से हार्ट हेल्थ से लेकर पाचन भी काफी अच्छा होता है. इसका ड्रिंक पीना है तो आप इसमें नींबू, अदरक और शहद मिलाएं. ताकि इसका स्वाद काफी ज्यादा अच्छा रहे.

**करेले का जूस विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स से होता है भरपूर**

करेले के जूस में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट का बेहतरीन स्त्रोत होता है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मददगार होते हैं. इसे पीने से इम्यूनिटी बढ़ती है, संक्रमण होने का खतरा भी कम होता है. करेले में मौजूद विटामिन ए और बीटा कैरोटीन की मात्रा आंखों के लिए काफी फायदेमंद होती है, इसे नियमित रूप से पीने से आंखों की रोशनी बढ़ती है. करेले के जूस में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं.पिंपल या मुंहासे को भी कम करने में मदद करते हैं. करेले में मौजूद बिटर्स और अल्कलॉइड तत्व रक्तशोधक का काम करते हैं.

**करेले का जूस कंट्रोल करता है डायबिटीज**

करेले का जूस पीने से डायबिटीज कंट्रोल में होता है. इसे पीने से शरीर में ब्लड शुगर लेवल नियंत्रण में रहता है. इससे डायबिटीज के लक्षण कम होते हैं यह शरीर में इंसुलिन को एक्टिव करता है. करेले का जूस लीवर के लिए भी हेल्दी होता है, ये लिवर एंजाइम को बढ़ाने के साथ-साथ लिवर को डिटॉक्स करने में भी काफी मददगार होता है. करेले का जूस मोटापे सहित खूनी बवासीर में भी फायदेमंद होता है, इससे पाचन क्रिया सही रहती है.

डायबिटीज मरीज के लिए करेले का जूस वरदान की तरह है . यह काफी ज्यादा फायदेमंद होता है. साथ ही इसमें पाए जाने वाले तत्व शरीर में इंसुलिन के लेवल को बढ़ाते हैं. साथ ही शुगर कंट्रोल करते हैं. अगर डायबिटीज मरीज इसे सही तरीके से पढ़े तो यह डायबिटीज मैनेजमेंट में अहम भूमिका निभाता है.



## ब्लैक आउटफिट फिट में तमन्ना भाटिया ने ढाया कहर

तस्वीरें देख एक्ट्रेस के दीवाने हुए फैंसअब हाल ही में इस एक्ट्रेस ने अपने ब्लैक लुक की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जो सोशल मीडिया पर लोगों को खूब दीवाना बना रही हैं।

## अदा शर्मा ने पिता के सेंस ऑफ ह्यूमर को किया याद



अदा शर्मा ने हाल ही में अपने पिता के हास्य बोध के बारे में बात की और खुलासा किया कि उनके पास सबसे खराब परिस्थितियों में भी हंसी ढूंढने की क्षमता थी।

इंस्टाग्राम हैंडल पर अभिनेत्री ने अपने पिता के साथ बचपन की तस्वीरें शेयर कीं, साथ ही एक नोट भी शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि उनके दिवंगत पिता गंभीर परिस्थितियों में भी हंसी ढूंढ ही लेते थे।

द केरल स्टोरी' की अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, मेरे पिता का सेंस ऑफ ह्यूमर बहुत खराब था। वह सबसे बेतुकी चीजों में भी हास्य ढूंढ लेते थे। मैंने उनसे सबसे खराब परिस्थितियों में भी हास्य ढूंढना सीखा।

लोग मुझसे कहते रहते हैं कि चिंता मत करो, वह हमेशा तुम्हारे साथ हैं और हमेशा तुम्हें देखते रहते हैं। वो मुझे लाश की एक्टिंग करने को कहते थे। उन्हें यह निश्चित रूप से बहुत मजेदार लगता और हम सब एक साथ खूब हंसते थे। जब भी मैं अब हंसती हूं तो मुझे याद आता है कि कैसे वह हंसते हुए अपनी कुर्सी से गिर जाते थे और मुझे इस बात का दुख होता है कि मैं उन्हें फिर कभी हंसते हुए नहीं देख पाऊंगी, लेकिन मैं और अधिक हंसती हूं क्योंकि जब भी मैं हंसती हूं तो मुझे याद आता है कि कैसे वह हंसते हुए अपनी कुर्सी से गिर जाते थे।

एक इंटरव्यू में पहले अभिनेत्री ने खुलासा किया था कि उसे यह पूरी तरह से स्वीकार करने में दो साल लग गए कि उसके पिता अब नहीं रहे।

अदा के पिता एस.एल. शर्मा तमिलनाडु के मदुरै से थे और वह भारतीय मर्चेंट नेवी में कैप्टन थे। हाल ही में अभिनेत्री को शो रीता सान्याल में देखा गया था। अभिरूप घोष के निर्देशन में बनी टेलीविजन सीरीज का प्रीमियर 14 अक्टूबर, 2024 को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर हुआ था।बड़े पर्दे पर अदा को पिछली बार सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित और विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित एक राजनीतिक थ्रिलर बस्तर: द नक्सल स्टोरी में देखा गया था। इसमें इंदिरा तिवारी, विजय कृष्ण, शिल्पा शुक्ला, यशपाल शर्मा, सुब्रत दत्ता और राइमा सेन भी थीं।

## गुलाबी साड़ी पहन सुरभि चंदना ने बिखेरा जलवा, कातिलाना अदाओं से जीत लिया फैंस का दिल



टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस सुरभि ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनकी ग्लैमरस अदाएं देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

एक्ट्रेस सुरभि चंदना आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं।

उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं।

इन तस्वीरों में उनका ट्रेडिशनल लुक देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। सुरभि ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान पिंक कलर की साड़ी पहनी हुई है।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं।

एक्ट्रेस की इन लेटेस्ट तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- टू मच हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- स्टनिंग। तीसरे यूजर ने लिखा है- यू लुक सो ब्यूटिफुल।

सुरभि चंदना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

## शब्द सामर्थ्य - 238

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**

1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | | 8 | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | | | |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | 12 | ■ | |
| ■ | 11 | | 12 | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | | ■ | | ■ | ■ | 15 | | ■ |
| 16 | | ■ | 17 | 18 | 19 | | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | 22 | | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | 23 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 237 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | ■ | ■ | ■ | खा | म | खाँ |
| णे | ■ | ल | ■ | झ | प | की | ■ | ■ |
| श | र | ब | त | ■ | रं | ■ | ■ | मि |
| ■ | ज | गा | ना | ■ | प | रा | का | ष्ठा |
| ■ | नी | र | ■ | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | ■ | ■ | प | ■ | ■ | य | ■ |
| म | र | णा | स | न्न | ■ | पा | नी | ■ |
| ची | ■ | ■ | प | ■ | पा | ■ | ■ | भो |
| न | ज | रा | ना | ■ | स | मा | चा | र |



## भारतीय बॉक्सर ने अमेरिका की धरती पर उड़ाया गर्दा, दुश्मन को एकतरफा मैच में दी पटखनी

नीरज W B C रैंकिंग में जगह बनाने वाले पहले भारतीय बॉक्सर हैं। वहीं उनके प्रतिद्वंदी विंधरसन ने Misfits Bo&king card में बॉक्सर के रुप में अपना प्रोफेशनल डेब्यू किया था। न्यूनेस को डेब्यू का नाथन बार्टलिंग के खिलाफ हार मिली थी।

नेटफिलिक्स इवेंट में जेक पॉल ने दिग्गज बॉक्सर माइक टायसन के खिलाफ बॉक्सिंग मैच लड़ा। इस इवेंट का आयोजन एर्लिंगटन, टेक्सस के AT&T स्टेडियम में हुआ। इसी इवेंट में भारतीय बॉक्सर नीरज गोयत का मैच भी हुआ। इस मुकाबले में उनके प्रतिद्वंदी विंधरसन न्यूनेस थे और ये मैच सुपर मिडिलवेट डिवीजन में हुआ। बता दें कि, नीरज W B C रैंकिंग में जगह बनाने वाले पहले भारतीय बॉक्सर हैं। वहीं उनके प्रतिद्वंदी विंधरसन ने Misfits Bo&king card में बॉक्सर के रुप में अपना प्रोफेशनल डेब्यू किया था। न्यूनेस को डेब्यू का नाथन बार्टलिंग के खिलाफ हार मिली थी।

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को सुधारने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने हाल ही में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की जांच की गई और अधिकारियों को सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।



बैठक में कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने जिला कुष्ठ नोडल अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिया कि माइक्रो प्लान बनाकर कुष्ठ रोगियों की खोज और संदेहात्मक मामलों की जांच प्राथमिकता से की जाए। साथ ही जिन क्षेत्रों से कुष्ठ रोग के मामले मिले हैं, वहां 5 किलोमीटर के दायरे में व्यापक सर्वेक्षण करने को कहा। पात्र नागरिकों के 100 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश। प्रसव संस्थागत स्तर पर सुनिश्चित करने हेतु ठोस कदम उठाने पर जोर। चयनित संस्थाओं को हृक्र्र प्रमाणन के लिए तैयार करने को कहा। टीकाकरण, सिकल सेल, एचबी जांच, एएनसी जांच और मैटरनल डेथ रेट को लेकर विशेष अभियान चलाने की योजना। स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि कार्य में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। कलेक्टर ने सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की और उन्हें सुचारू रूप से चलाने के लिए टीमवर्क और समयबद्धता का पालन करने को कहा। इस बैठक के माध्यम से जिला प्रशासन ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही अस्वीकार्य है। जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी स्तरों पर गंभीरता से प्रयास किए जाएंगे। समीक्षा बैठक में जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, बीएमओ व स्वास्थ्य कार्यक्रमो के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## स्लॉटर हाउस में शिफ्ट किए गए मीट मटन विक्रेता

### 10 वर्षों से लंबित मांग को पूरा किया कलेक्टर ने



**चरचा कालरी।** संवेदनशील कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के सार्थक पहल से नगर पालिका शिवपुर चर्चा के नगर वासियों की बहु प्रतीक्षित मांग पूरी हुई, पालिका क्षेत्र में स्लॉटर हाउस ना होने की वजह से विगत एक दशक से भी अधिक समय से मीट मटन विक्रेता भीषण गर्मी बरसात में बेहद असुविधाओं के साथ नाले के किनारे बैठकर व्यवसाय करने को मजबूर थे पूर्व कार्यकाल में स्लाटर हाउस बना और घटिया निर्माण की भेंट चढ़ गया क्षेत्र के विकास का दम भरने वाले राजनीतिक जनप्रतिनिधि भी आंखें बंद किए हुए थे पालिका क्षेत्र के बीचो-बीच स्थित मटन मार्केट में सड़क के किनारे खुले रूप से मांस बेचा जाता था जिससे आने जाने वाले श्रद्धालु जनों की धार्मिक भावनाएं आहत होती थी वही उस रास्ते से गुजरने वाले छोटे-छोटे स्कूली बच्चों के मन मस्तिष्क पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा था व्यवसाईयों के द्वारा नाले में ही गंदगी फेंक देने की वजह से आसपास का क्षेत्र बदबूदार रहता था इस रास्ते से नागरिकों का गुजरना बेहद मुश्किल हो रहा था ऐसी स्थिति में क्षेत्र वासियों के द्वारा कलेक्टर कोरिया से गुहार लगाई गई कलेक्टर कोरिया ने तत्काल संज्ञान लेते हुए वशिष्ठ ओझा मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवपुर को व्यवस्थापन कर निर्धारित जगह में दुकान लगाने हेतु निर्देशित किया नगर पालिका अधिकारी के द्वारा कई बार व्यवसाईयों को सूचना दी गई किंतु लेट लतीफ चलती रही किंतु वर्तमान में कलेक्टर कोरिया के द्वारा कड़ा रुख अपनाने से पालिका अधिकारी पुलिस प्रशासन के साथ मार्केट पहुंचे और सभी दुकानों को हटवा कर स्लॉटर हाउस में शिफ्ट किया मीट मटन मार्केट केस्लॉटर स्लॉटर हाउस में शिफ्ट होने पर नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त की व कलेक्टर कोरिया के प्रति आभार व्यक्त किया।

## देव दीपावली पर हजारों दीपों से जगमगाई कन्हर नदी

**रामानुजगंज।** नगर में शुक्रवार की देर शाम कार्तिक पूर्णिमा के दिन मने देव दीपावली से कन्हर नदी का तट हजारों दियो से जगमगा उठा बड़ी संख्या में नगरवासियों के द्वारा सामूहिक रूप से गंगा आरती की गई। नवयुवक दुर्गा पूजा संघ के अध्यक्ष आलोक गुप्ता एवं राम मंदिर समिति के यशपाल दुबे की नेतृत्व में आयोजित देव दीपावली के बृहद आयोजन का अद्भुत नजारा देखने को मिला। गौरतलब है कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी देव दीपावली को लेकर कई दिन पूर्व से नवयुवक दुर्गा पूजा संघ एवं राम मंदिर समिति के द्वारा तैयारी की जा रही थी पूरे राम मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था वही पूरे कन्हर नदी घाट में हजारों दिनों से पूरा घाट जगमगा उठा। विधि विधान से विनय पांडे के द्वारा गंगा आरती एवं अन्य अनुष्ठान कराए गए आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी सम्मिलित हुई। देव दीपावली के अवसर कन्हर नदी के तट का नजारा मंत्रमुग्ध करने वाला नजर आया हजारों दियो के जगमग के बीच गंगा आरती की गई। नवयुवक दुर्गा पूजा संघ के अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने कहा कि आयोजन को आने वाले समय में और भव्य रूप से कराया जाएगा।इस दौरान विकास दुबे जितेश केसरी,प्रतीक सिंह,आशीष गुप्ता,सन्नी केशरी,शुभम केशरी सहीत बड़ी संख्या में नगर वासी उपस्थित है। देव दीपावली के अवसर पर पूरे राम मंदिर परिसर भी दिया से जगमगा रहा था।

## एसएसपी ने 17 आरक्षकों को फीता लगाकर प्रधान आरक्षक के पद पर दी पदोन्नति

**सूरजपुर।** जिले में कार्यरत् 17 आरक्षक पदोन्नत होकर प्रधान आरक्षक बने। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने आरक्षक महेत्तर सिंह, देवनंदन राजवाड़े, ज्ञानेन्द्र परमार, कृष्णकांत पाण्डेय, दीपक सिंह, अलका टोप्पो, निमेश शर्मा, आशीष श्रीवास्तव, अनुज यादव, ग्रेसमनी मिंज, कमल किशोर, दीपक कुमार दुबे, राघवेन्द्र शर्मा, नंद किशोर राजवाड़े, लालमन राजवाड़े, रविशंकर पाण्डेय व नरेन्द्र मिश्रा को फीता लगाकर प्रधान आरक्षक पद पर पदोन्नति दी। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने पदोन्नत हुए प्रधान आरक्षकों को कहा कि फरियादी जब अपनी समस्या लेकर पुलिस के पास आता है तो हमसें अपनी समस्या के निराकरण व कार्यवाही की आशा-उम्मीद करता है उसे न्याय दिलाने की दिशा में त्वरित एक्शन ले और उसे संतुष्ट कर भेंजे, जनता के हित में कार्य करें, सौंपे गए दायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ ईमानदारी से निर्वहन करें। उन्होंने पदोन्नत हुए प्रधान आरक्षकों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाए दी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, डीएसपी रितेश चौधरी, स्टेनो अखिलेश सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहे।



## जुआ खेल रहे 15 जुआरी गिरफ्तार

**रामानुजगंज।** पांडातराई पुलिस ने अवैध जुआ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। तथा उनके पास से 70 हजार रूपये से अधिक नगद राशि तथा ताशपत्ती बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पांडातराई पुलिस को सूचना मिली थी कि बड़ी वार्ड नंबर 4, पांडातराई में अमर पांडे के घर के पीछे कुछ लोग ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर थाना पांडातराई की पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर छापा मारा और 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 70 हजार रूपये से अधिक नगद राशि तथा ताशपत्ती बरामद किया है तथा आरोपियों के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिबंध अधिनियम, 2022 के अंतर्गत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। मामले में पुलिस ने 1. वीरेंद्र चंद्रवंशी पिता द्वारिका चंद्रवंशी, उम्र 37 वर्ष, निवासी सरईपतेरा, ललित चंद्रवंशी पिता रामजी चंद्रवंशी, उम्र 32 वर्ष, निवासी दशरंगपुर,संजय चंद्रवंशी पिता अयोध्या चंद्रवंशी, उम्र 35 वर्ष, निवासी चारभाटा,गोवर्धन चंद्रवंशी पिता घनश्याम चंद्रवंशी, उम्र 35 वर्ष, निवासी पूतकी कला, चंद्रप्रकाश पिता मनोज डाहिरे, उम्र 22 वर्ष, निवासी पांडातराई, राजकुमार पांडे पिता अर्जुन पांडे, उम्र 54 वर्ष, निवासी पांडातराई, अमर पांडे पिता शारदा पांडे, उम्र 48 वर्ष, निवासी पांडातराई, पिल्लू सतनामी पिता लक्ष्मण सतनामी, उम्र 50 वर्ष, निवासी पांडातराई, मनोज बंजारे पिता मानिकराम बंजारे, उम्र 34 वर्ष, निवासी पांडातराई, पुष्कर सिंह पिता वीरेंद्र सिंह, उम्र 59 वर्ष, निवासी दशरंगपुर, थाना पांडातराई 11. राजा गुप्ता पिता संतोष गुप्ता, उम्र 24 वर्ष, निवासी पांडातराई, दीप साहू पिता जलेश्वर साहू, उम्र 35 वर्ष, निवासी सरईपतेरा, संजय कुंभकार पिता मुन्ना कुंभकार, उम्र 34 वर्ष, निवासी पांडातराई, दुर्गेश बर्मन पिता दानीराम बर्मन, उम्र 30 वर्ष, निवासी पांडातराई तथा शिव प्रसाद साहू पिता फागू राम साहू, उम्र 48 वर्ष, निवासी डोंगरिया कला को गिरफ्तार किया है।

## चार गांजा तस्कर गिरफ्तार, दो लग्जरी कार के साथ 37 किलो गांजा जब्त

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस ने चार गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 37 किलोग्राम गांजा तथा दो लग्जरी कार बरामद किया गया है। आरोपितों के तार ओडिसा के गांजा तस्करों से जुड़े हुए हैं। पत्थलगांव क्षेत्र से दो गांजा तस्कर कार से गांजा लाकर रघुनाथपुर क्षेत्र में कार सवार दो गांजा तस्करों को दे रहे थे। उसी दौरान पुलिस टीम ने घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया। पूछताछ में गांजा के अवैध कारोबार के संबंध में पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। सरगुजा जिले की रघुनाथपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि क्रेटा कार क्रमांक सीजी 13एजी 0995 में नरेश यादव एवं मो सद्दाम नामक दो व्यक्ति कार में भारी मात्रा में गांजा लेकर पत्थलगांव की ओर से आ रहे हैं। ग्राम सिलसिला के पास स्विफ्ट कार कमांक सीजी 14 एमएस 0241 में उक्त गांजा लेने संजय पटेल व प्रेम प्रकाश आ रहे हैं। पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने पुलिस टीम को अलर्ट कर गांजा तस्करों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था। पुलिस टीम ने सिलसिला व आसपास घेराबंदी की थी। उसी दौरान सीतापुर की ओर से आ रही क्रेटा कार सिलसिला बस्ती की ओर जाते दिखी। पुलिस की टीमें सक्रिय थी। क्रेटा कार से दो लोग नीचे उतरे। नजदीक में खड़ी स्विफ्ट कार में सवार दो लोगों को उन्होंने बोरी में सामान दिया। उसी दौरान पुलिस टीम वहां पहुंच गई।

# अफेयर को लेकर मां और बेटी-बेटा की हत्या का तथ्य उजागर, आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** आखिरकार पुलिस ने भी यह स्वीकार कर लिया है कि कुसमी से लापता मां,बेटी व मासूम बेटे की हत्या कर दी गई थी। दहेजवार गांव के धान के खेत में मिले तीनों कंकाल भी उन्हीं के थे। झारखंड के परसवार भंडरिया निवासी मोख्तार अंसारी (38) ने वारदात को अंजाम दिया था। मृत किशोरी से आरोपित के छोटे भाई का प्रेम संबंध था। छोटा भाई घरवालों को कोई आर्थिक मदद नहीं करता था। कमाई का पूरा हिस्सा मृतकों पर खर्च करता था। इसी कारण आरोपित ने प्रेम प्रसंग के जड़ को ही समाप्त करने की मंशा से घटना कारित किया था। पुलिस ने मोख्तार अंसारी को पुलिस रिमांड पर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। कई सवालों का जबाब अभी सामने नहीं आया है। घटना में कुछ और लोगों की संलिप्तता भी संभावित है।

शुक्रवार को दहेजवार गांव में धान के खेत में तीन मानव कंकाल मिला था। स्वजन ने इनकी पहचान कुसमी से 27 सितंबर से लापता सूरजदेव ठाकुर की पत्नी कौशल्या ठाकुर (36), बेटी मुक्तावती उर्फ मुस्कान ठाकुर (17) और बेटा मिंटू ठाकुर (छह) के रूप में की थी। इन तीनों के लापता होने के बाद से ही घरवालों ने कुसमी में रहकर ठेकेदारी का काम करने वाले युवक पर संदेह जताया था।युवक से पूछताछ में उसने अपने बड़े भाई मोख्तार अंसारी द्वारा तीनों को साथ ले जाने की जानकारी दी थी। झारखंड से मोख्तार को हिरासत में लेने के बाद पूछताछ में उसने तीनों की हत्या करना स्वीकार कर लिया है। स्वजन ने कुसमी पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीकृत नहीं किया था। सूरजदेव ठाकुर को आरोपित के भाई पर तीनों को भगाकर ले जाने का शक था। उसने लिखित शिकायत की थी। इसके बाद भी जांच में कथित रूप से गंभीरता नहीं बरती गई। मामला सामने आने के बाद कुसमी थाना प्रभारी को पुलिस लाइन बलरामपुर अटैच किया गया है। हालांकि अभी आदेश सार्वजनिक नहीं किया गया है।पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर ने फेरबदल को प्रशासनिक बताया है। झारखंड के परसवार निवासी मोख्तार अंसारी झाड़फूंक के साथ कबाड़ का भी काम करता था। वह सूरजदेव ठाकुर के यहां भी झाड़फूंक किया करता था। सूरजदेव ने बताया था कि कई बार मुख्तार उसके घर में रुक जाता था। कभी-कभी उसका छोटा भाई भी उसके घर आता था। इस दौरान घरवालों से उनकी अच्छी पहचान हो गई थी। छोटा भाई कुसमी में रहकर ठेकेदारी का काम करता था। अच्छे पैसे भी कमा रहा था,लेकिन घरवालों को मदद नहीं करता था। युवक और किशोरी के बीच प्रेम संबंध की पुष्टि कॉल डिटेल और मोबाइल चैट से हुई थी। इससे मोख्तार नाराज था। उसका भाई , मृतकों पर सारा रुपया खर्च कर देता था। आरोपित मोख्तार अंसारी की नाराजगी उसके छोटे भाई को लेकर इसलिए भी थी कि वह बीमार पिता के उपचार के लिए भी सहयोग नहीं कर रहा था। इसके पीछे उंसने किशोरी और उसके घरवालों को जिम्मेदार मान कर उन्हें समाप्त करने की योजना बनाई थी। पुलिस जांच में अभी तक यह तथ्य सामने आया है कि महिला , उसके पुत्र व पुत्री की हत्या साजिश के तहत मोख्तार अंसारी ने की है। चूंकि उसका घर आना जाना था। झाड़फूंक करता था इसलिए तीनों ने उस पर विश्वास कर लिया था। मां व पुत्र-पुत्री को मोख्तार अंसारी कुसमी से बलरामपुर लेकर गया था। दहेजवार में झोपड़ीनुमा घर में तीनों को रखा था। सोते समय तीनों की कुल्हाड़ी से वारकर हत्या कर दी थी और शवों को खेत में नाले के पास फेंक दिया था। बारिश के दिनों में शव सड़ने लगा था। नाले के पानी के साथ मांस बहने लगे थे इसलिए ज्यादा दुर्गंध भी नहीं आता था। जहां शवों को फेंका गया था उधर लोगों का आना-जाना भी नहीं था। किसान के धान काटने से पहले खेत जाने पर कंकाल मिला था। बलरामपुर पुलिस ने मां-बेटी और बेटे की हत्या के आरोप में झारखंड के मोख्तार अंसारी को पुलिस रिमांड में लिया है। मृतकों के अस्थियों को स्वजन को सौंप दिया गया है। एक - दो और संदिग्ध पुलिस की हिरासत में हैं। उनसे भी पूछताछ की जा रही है। मृतकों की पहचान को न्यायालय में पुख्ता बनाने के लिए डीएनए जांच की प्रक्रिया शुरू की गई है। मृतकों के स्वजन का सैंपल लिया गया है। इसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। इस संबंध बलरामपुर पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर ने कहा कि जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। उसे पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में सामने आने वाली जानकारी के आधार पर पुलिस आगे कार्रवाई करेगी। रविवार तक घटना को लेकर हम कुछ और बताने की स्थिति में होंगे। प्रकरण अभी विवेचना में हैं।



## नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत एवं लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरण दास महंत कोरिया प्रवास पर रहेंगे



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में 18 नवंबर सोमवार को 12 बजे कोरिया एवं एम.सी.बी. जिले के कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा डॉ. चरणदास महंत,एवं कोरबा लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत बैकुंठपुर के पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नजीर अजहर के मैरिज गार्डन में अंगामी पंचायत चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनाव को लेकर विशेष चर्चा करेंगे द्य लोकसभा में अभिभाजित कोरिया की तीनों विधानसभा में जीत दिलाने के लिए महंत कार्यकर्ताओं का अभिवादन एवं कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ भोजन भी करेंगे द्य जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के बूथ लेवल कार्यकर्ता एवं पांच बूथों के प्रभारी*/प्रदेश के पदाधिकारीगण, सांसद/पूर्व सांसद,विधायक/पूर्व विधायक,वरिष्ठ कांग्रेसजन,जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी,हस्द्ध,युवा कांग्रेस, सेवादल,महिला कांग्रेस,पंचायती राज संगठन के सभी पदाधिकारी, आदिवासी प्रकोष्ठ,नगरीय निकाय के अध्यक्षगण,उपाध्यक्ष एवं पाषर्दगण सभी जिला पंचायत के सदस्यगण एवं जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षगण,बी.डी.सी.सदस्यगण,सरपंचगण,सेक्टर प्रभारी,जोन प्रभारी,एवं समस्त बी. एल.ए.। बैठक में आमंत्रित किया गया हैं।

# आमजन शासन की योजनाओं का लाभ लें:विधायक राजवाड़े

### पोड़ी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में 163 आवेदन प्राप्त, 85 का स्थल पर निराकरण



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत, पोड़ी (बचरा) के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल के मैदान में किया गया।

जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में क्षेत्र के विधायक भईयालाल राजवाड़े ने आमजनों की समस्याओं से अवगत हुए बल्कि सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश भी दिए। श्री राजवाड़े ने राजस्व प्रकरण से सम्बंधित प्रकरण पर सम्बंधित एसडीएम, तहसीलदार को शीघ्र निराकरण करने को कहा। श्री राजवाड़े ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध वन कटाई को तत्काल रोकें साथ ही आम लोगों को अधिक संख्या में पौधारोपण करने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि लोगो की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो। इसीलिए प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर का आयोजित कर लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं के बारे में इन अधिकारियों द्वारा जानकारी दी जाती है, आप सभी लोग लाभ उठाएं। कोरिया कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने कहा कि जन समस्या समाधान शिविर लगाने का उद्देश्य ग्रामीण भाई-बहन सरकार की योजनाओं से रूबरू हो सके, उनका लाभ ले सके। शिविर में मांग, शिकायत, समस्या आदि आवेदन के माध्यम से निराकरण हो सके।

उन्होंने न्यायालयीन प्रक्रिया व मांग से सम्बंधित आवेदनों पर कहा विचार-विमर्श कर उचित निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्व से सम्बंधित प्रकरण अधिक हैं, उनका निदान भी शीघ्र किया जाएगा। कलेक्टर ने किसानों से कहा कि धान खरीदी प्रारंभ हो गया है, टोकन प्राप्त होने के बाद धान ही विक्रय करें। शिविर स्थल पर राजस्व, आदिवासी विकास विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, खाद्य, स्वास्थ्य, मत्स्य पालन विभाग, श्रम, आयुष्मान विभाग, पशु पालन विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया, कृषि, लोक सेवा यांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, शिक्षा, उद्यानिकी विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आम लोगों से आवेदन प्राप्त किए और इन विभागों में संचालित योजनाओं के बारे में विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी भी दी गई। विभिन्न हितग्राही मूलक सामग्रियों, प्रमाण-पत्र, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक पंजीयन कार्ड आदि का वितरण किया गया। शिविर में करीब 163 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 17 शिकायत, 146 मांग से सम्बंधित आवेदन थीं, जिसमें से 85 आवेदनों का निराकरण स्थल पर किया गया। शेष 78 आवेदनों को समय-सीमा के भीतर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए गए। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, गणमान्य नागरिक श्री कृष्ण बिहारी जायसवाल, जनपद सदस्य, सरपंच, पंच एवं बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एसईकेएमसी कार्यकर्ताओं ने बनाई रणनीति

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा एरिया के एसईकेएमसी कार्यकर्ता झोराघाट में एकत्रित हुए और संगठन को मजबूत करने के लिए रणनीति बनाई। बैठक में उपस्थित राजू सोनी , सोनू पटेल, निर्मल चंद्रा, उबेद अहमद, योगेश ,श्रवण सहित 17 कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि कोयला कामगारों ने समस्याओं को दूर करने के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। विभागों में जाकर काम कर रहे होगें। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार अधिक सदस्य बनाए जाएंगे। यह बैठक केन्द्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह व एनके सिंह के निर्देश पर ली गई। बैठक के बाद कोयला कामगारों ने उत्साह है और कार्यकर्ता और अधिक सक्रिय होकर कार्य कर रहे है।

## फुटवॉल प्रतियोगिता में कुसमुंडा बना विजेता

**कोरबा।** कल कुसमुंडा में अंतर एरिया में फुटवॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। इस प्रतियोगिता तमें कुसमुंडा व बैकुण्डपुर अपने अपने विरोधियों को हरा कर फाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइपल में इनका भटगांव व हसदेव के बीच मुकाबला था। कल हुए फाइनल मैंच में कुसमुंडा ने बैकुण्डपुर को 2.0 हराकर खिताब पर कब्जा किया। इससे पहले भी कुसमुंडा ने भी फाइनल मैंच जीता था। वह दूसरी बार चैंपियन बना है। सलेक्टर सॉजी जॉन ने बताया कि प्रतियोगिता में लगभग 16 टीमों ने भाग लिया।

### जुराली में नेशनल हाईवे के अटके काम को आगे बढ़ाने अब एक्शन मोड में प्रशासन

# दो किमी की जमीन को लेकर विवाद के बाद प्रशासन ने की नापजोख

**कोरबा।** बिलासपुर-अंबिकापुर नेशनल हाईवे संख्या 130-बी का निर्माण कार्य कुछ हिस्से में हो चुका है और कुछ में जारी है। डीबीएल को इसकी जिम्मेदारी मिली हुई है। कोरबा जिले के कटघोरा क्षेत्र में जुराली के पास दो किमी की जमीन को लेकर विवाद की स्थिति कायम है। खबर है कि एनएचएआई इसे अर्जित करने की मानसिकता में है। दूसरी तरफ कई कारण से लोग विरोध कर रहे है। प्रशासन के अधिकारियों और पुलिस बल की मौजूदगी में यहां जमीन की नापजोख की गई।

नगर पालिका क्षेत्र कटघोरा के अंतर्गत यह इलाका शामिल है, जहां राष्ट्रीय राजमार्ग को अपने कार्यों के लिए जमीन की जरूरत है। जुराली में सड़क निर्माण के लिए कुछ कारणों से दिक्कतें हो रही है। मौके की अधिकांश जमीन कृषि प्रयोजन की है। खेती-बाड़ी पर आधारित परिवारों की जीविका इस जमीन से होती है। इसलिए लगातार इसका विरोध होता आ रहा है कि वे मनमाने तरीके से भू-अर्जन नहीं होने देंगे। खबर के अनुसार इस इलाके में लगभग दो किमी का हिस्सा विवादों में रहा है। किसानों के अपने तर्क है और वे जमीन को किसी और उपयोग में लिये जाने के खिलाफ में है। नेशनल हाईवे को अपने काम को आगे बढ़ाने के लिए यहां की जमीन की आवश्यकता है।

उसके द्वारा राज्य सरकार को इस बारे में जानकारी दी जा चुकी है। इस आधार पर जमीन का अर्जन करने के लिए तैयारी की जा रही है। बताया गया कि इसी इरादे से रविवार को सुबह प्रशासन और पुलिस की टीम जुराली पहुंची। विवाद को देखते हुए काफी संख्या में पुलिस कर्मी यहां तैनात किये गये। इनकी मौजूदगी में संबंधित क्षेत्र का जायजा लेने के साथ नामजोख कराई गयी। इससे पहले प्रशासन ने लोगों को हर स्तर पर समझाने की कोशिश की।



बात नहीं बनी तो दूसरे तरीके उपयोग में लाये गये। बताया गया कि किसानों की हटधर्मिता के कारण हाईवे का निर्माण अपने निर्धारित दायरे में अटका रहा है। किसानों ने मुआवजे को लेकर कोर्ट में केस कर रखा है। उधर राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से कहा गया कि जो फैसला होगा उस आधार पर मुआवजा का भुगतान किया जायेगा। आज इस कड़ी में यहां प्रशासन अधिकारी और राजस्व की टीम के द्वारा क्षेत्र में मार्किंग की गई। इसके मायने निकाले जा रहे कि जहां कहीं मार्क किया गया है, वहां कि जमीन अधिग्रहण में शामिल होगी।

### बुलाई गई थानों की फोर्स

जुराली में जिस प्रकार के हालात काफी समय से इस मामले को लेकर बने रहे उससे प्रशासन के सामने चुनौती हुई। उच्च स्तर पर इसकी जानकारी देने के साथ अगली कार्रवाई के लिए निर्देश मांगे गये। संभावित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जिले के कई थाने और लाईन से फोर्स की व्यवस्था की गयी। इसके पीछे मकसद यह था कि प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के दौरान किसी प्रकार के दबाव पैदा न हो।



## नाली के स्लेब पर मृत मिला नागरिक

**कोरबा।** कटघोरा में एक नागरिक की संदिग्ध रूप से मौत हो गयी। वह नाली के स्लेब पर मृत मिला। उसकी पहचान होना बाकी है। पुलिस ने पंचनामा की प्रक्रिया पुरी की है।

सरकारी आत्मानंद विद्यालय के नजदीक यह मामला सामने आया। हमारे संवाददाता ने बताया कि विद्यालय से कुछ दुरी पर नगर पालिका की नाली मौजूद है। आज सुबह मार्निंग वॉक पर निकले कुछ लोगों ने नाली के स्लेब पर एक व्यक्ति को देखा। किसी प्रकार की हलचल नहीं होने की खबर दूसरों को दी गयी। इस दौरान एक व्यक्ति ने संबंधित को हिलाकर देखा लेकिन प्रतिक्रिया न होने से माना गया कि मामला संदिग्ध है। इस बारे में पुलिस को अवगत कराया गया। आनन-फानन में यहां पुलिस पहुंची। चिकित्सा कर्मी के जरीये अज्ञात व्यक्ति को अस्पताल भिजवाया गया जहां परीक्षण पर उसके मृत होने की पुष्टि की गयी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। इस बारे में जानकारी हासिल करने के लिए यहां-वहां फोटो फेजे गये है। फिलहाल कटघोरा सीएचसी के मरच्यूरी में रखा गया है।

## गर्दन व कमर दर्द पीड़ितों का हुआ निःशुल्क उपचार



**कोरबा।** अनियमित जीवन शैली के कारण कई प्रकार की बीमारियां फैल रही है और लोगों को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ रही है। रक्तचाप और मधुमेय के साथ-साथ गर्दन व कमर दर्द की शिकायतें कोरबा क्षेत्र में बढ़त जारी है। एसईसीएल के सीनियर रिक्रेयशन क्लब में लोगों को राहत देने के लिए निःशुल्क आयुर्वेद व फिजियोथेरेपी शिविर आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ के कांकेर और बस्तर के चिकित्सकों ने यहां निरापद पद्धति से लोगों को उपचार दिया। डॉ. भारती, डॉ. मण्डावी और उनकी टीम यहां सक्रिय रही। कोरबा क्षेत्र के ढाई सौ से अधिक इस शिविर के माध्यम से लाभान्वित हुए। शिविर का जायजा लेने के लिए केंद्रीय कर्मशाला के महाप्रबंधक और कार्मिक प्रबंधक पहुंचे। उन्होंने इस प्रयास की सराहना करने के साथ लोगों को कहा कि वे कुछ चीजों से दूरी बनायें ऐसा करना जरूरी है।

## भाजपा कोरबा नगर मंडल में कार्यकर्ता हुए सक्रिय

**कोरबा।** भाजपा नगर मंडल कोरबा के चुनाव अधिकारी आरिफ खान के द्वारा बैठक लिए जाने के बाद शसक्ति केन्द्र चुनाव प्रभारी अपने अपने क्षेत्रों में सक्रिय हो गए है। बूथों में कार्यकारिणी बनाने का काम किया जा रहा है। मंडल महामंत्री योगेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले सदस्यता अभियान चलाते हुए रजिस्ट्रट में सदस्यों के नाम लिखे गए। इसके बाद अब बूथो में कार्यकारिणी बनाई जा रही है। शक्ति केन्द्रो में चुनाव प्रभारी तेजी के साथ काम कर रहे है।

## आर्ट प्रतियोगिता में पूनम चंद्रा सम्मानित



**कोरबा।** नेपाल में अंतराष्ट्रीय फाइन आर्ट प्रतियोगिता किया गया। जिसमें एसईसीएल कर्मी बाबूलाल चंद्रा की पुत्री कुमारी पूनम चंद्रा ने भाग लिया। पूनम चंद्रा ने प्रतियोकिगता ने चौथा स्थान प्राप्त किया। चौथा स्थान आने पर उन्हें सम्मानित किया गया। कुमारी पूनम चंद्रा के पिता बाबूलाल चंद्रा केन्द्रीय कर्मशालाा कोरबा पूर्व में कार्यरत है। और भगत सिंह कॉलोनी में निवासरत है। पूनम चंद्रा बचपन से ही कला कृति बनाने में माहिर रही है। उन्होंने इससे पहले भी कई पुरस्कार जीते है। चौथे स्थान आने पर नेपाल में भी उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसकी जानकारी मिलते ही कोयला कामगारों ने हर्ष व्याप्त है। कोरबा को गौरवाविन्त करने पर कामगारों ने कहा कि नेपाल में जाकर इस तरह का प्रदर्शन काफी मायने रखता है।

## कोलइंडिया प्रभारी रेड्डी कल लेगें बैठक

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन कोल इंडिया के प्रभारी केलक्ष्मा रेड्डी का कल गेवरा आगमन हो रहा है। वें आफिसर क्लब में आयोजित बैठक को संबोध्सिात करेगें। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष टीकेश्वर राठिया के अलावा बीकेकेएमएस के बिलासपुर संभाग के अध्यक्ष रामनायारण साहू महामंत्री रमेश गुरूद्वान कोरबा कुसमुंडा के अध्यक्ष हिरेन्द्र चंद्रा व महामंत्री रंजय सिंह भी उपस्थित रहेगें। बैठक में सदस्यता अभियान पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा दोनों क्षेत्रों के कार्यकर्ता अपनी अपनी रिपोर्ट सौपेगें। बैठक को सफल बनाने के लिए अशोक सूर्यवंशी ,मदन सिंह, प्रीतम राठौर, वीरेन्द्र राठौर, कुलदीप कुमार, बाबू सिंह अमिया मिश्रा मणिकात जुटे हुए है।

## शरीर को ऊर्जावान बनाएं रखने वाला भोजन करें अगहन में

### डॉ नागेन्द्र ने दी सलाह लोगों को

**कोरबा।** मार्गशीर्ष (अगहन) माह का आरंभ 16 नवंबर 2024 शनिवार से हो गया है जो 15 दिसंबर 2024 रविवार तक रहेगा। आयुर्वेद अनुसार प्रत्येक माह में विशेष तरह के खान-पान का वर्णन किया गया है जिसे अपनाकर हम स्वस्थ रह सकते हैं। आयुर्वेद चिकित्सक नाड़ी वैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने बताया की भारतीय परंपरा में ऋतुचर्या यानी ऋतुनुसार आहार-विहार करने की परंपरा रही है। यह संस्कार हमें विरासत में मिला है।

मार्गशीर्ष (अगहन) में हमें अपने आहार-विहार पर विशेष ध्यान देना चाहिये। मार्गशीर्ष (अगहन) मास में शीतल हवाएँ बहती हैं। वातावरण भी शीतल हो जाता है। जिसके कारण मार्गशीर्ष (अगहन) मास में कफ का संचय और वात दोष का प्रकोप होता है। जिससे वातकफ जन्य रोग संधिशूल, संधिशोथ, श्वास-कास, प्रतिश्याय, वातश्लैष्मिक ज्वर एवं त्वचा संबंधी रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। इस मास में हमारी जठराग्नि तीव्र होती है जिससे हमारी पाचन शक्ति अच्छी हो जाती है। ऐसे में हमे स्निग्ध खाद्य पदार्थों, अम्ल तथा लवण रस वाले और शरीर में ऊर्जा प्रदान करने वाले पौष्टिकता से युक्त आहार का सेवन करना चाहिये। वातवर्धक खाद्य पदार्थों, अतिशीत खाद्य पदार्थ, रुक्ष एवं लघु आहार तथा कटु तिक्त कषाय रस युक्त आहार से परहेज करना चाहिये। इस माह में जीरे का सेवन बिल्कुल नहीं करना चाहिये इससे स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां बढ़ सकती हैं। इस माह में वसायुक्त भोजन एवं शहद का सेवन करना हितकारी



होगा। मार्गशीर्ष (अगहन) माह ऋतुनुसार हेमंत ऋतु में आता है यह शक्ति को संचय करने की ऋतु मानी गई है। अतः इस माह मे आयुर्वेदिक रसायन औषधि यथा च्यवनप्राश, अश्वगंधा, आंवला, शतावर आदि का प्रकृति एवं नियमानुसार सेवन कर वर्षभर के लिये शक्ति को संचित कर वर्षभर आरोग्य रहा जा सकता है।

### रामपुर वार्ड में स्वच्छता का वातावरण बनाने हुई कोशिश

**कोरबा।** नगर पालिका निगम के वार्ड क्रमांक 33 रामपुर में साफ-सफाई को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। क्षेत्र के पार्षद पालूराम साहू ने बताया कि कुछ क्षेत्रों में सफाई से जुड़ी समस्याएं बनी हुई थीं, जिनके समाधान के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। पार्षद ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर कचरे के अनावश्यक जमाव को रोकने के लिए न केवल सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं, बल्कि स्थानीय निवासियों को भी जागरूक किया जा रहा है। लोगों को यह समझाया जा रहा है कि कचरा फैलाने से क्षेत्र की स्वच्छता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके साथ ही, ऐसी स्थितियों में सख्ती बरतने और सफाई की निगरानी वाले तंत्र को अधिक प्रभावी बनाने की चेतावनी भी दी गई है। पार्षद ने कहा कि नगर निगम की ओर से सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं ताकि क्षेत्र को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सके।

## छात्राओं को दिया गया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**कोरबा।** भारत में नारियों को शक्ति का रूप माना गया है। यही ध्येय वाक्य लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से मिशन साहसी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। देश की महान नायिका लोकमाता देवी आहिल्या बाई होलकर और झांसी की रानी लक्ष्मी बाई के शौर्य का स्मरण कराते हुए अभाविप ने जिले की बेटियों को सक्षम और शक्तिशाली करने का बीड़ा उठाया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोरबा जिला इकाई दर्री जमनीपाली के कार्यकर्ताओं द्वारा पुण्यश्लोक लोकमाता देवी आहिल्या बाई होलकर एवं रानी लक्ष्मी बाई जयंती के अवसर पर मिशन साहसी कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मौजूदगी दर्ज करा रही छात्राओं ने आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त किया। महिलाओं और युवतियों को हर दृष्टि से सक्षम, सजग और सतर्क बनाने के साथ खुद की सुरक्षा में निपुण करना ही इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। इसके साथ ही लोकमाता देवी आहिल्या बाई होलकर एवं रानी लक्ष्मी बाई जैसी देश की वीरांगनाओं की संस्कृति से रूबरू कराना भी इस आयोजन के उद्देश्यों में शामिल है।




**शीघ्र आवश्यकता है**

| | | |
|---|---|---|
| 01 | केशियर | 01 पद |
| 02 | टर्नर | 02 पद |
| 03 | मेकैनिकल फिटर | 02 पद |
| 04 | मिलिंग मशीन ऑपरेटर | 02 पद |

केवल अनुभवी व्यक्ति ही संपर्क करें- समय :- सुबह 10:30 - शाम 6:30

**ब्लैक डायमंड इक्यूपमेन्टस प्रा.लि.**

प्लाट नं.: 156-157, इंदिरा व्यावसायिक एवं आवासीय परिसर, टी पी नगर- कोरबा. ई मेल :- psb.bdepl@live.com

मो. नं. 89599-12300, 93408-93546


## ठण्ड बढ़ने के साथ पिकनिक स्पॉट पर लोगों की संख्या बढ़ी, पुलिस सख्त

**कोरबा।** ठंड का मौसम आने के साथ कोरबा जिले के विभिन्न पिकनिक स्पॉट लोगों से गुलजार हो रहे हैं। कुछ क्षेत्रों में आए दिन तमाशा होने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शक्ति दिखाई है । जबकि इन स्थानों पर हादसे से लोगों को बचाने के लिए चेतावनी देने वाले बोर्ड भी लगाए गए हैं।

कोरबा जिले के सतरेंगा, देवपहरी, केसला ,परसा खोला और झोराघाट मैं हिंदी नो पिकनिक पर आने वाले लोगों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। ठंड के मौसम में लगभग हर दिन भर का नजारा देखने को मिल रहा है जबकि अवकाश के दिन में यह संख्या दोगुनी से भी ज्यादा हो जाती है। इन पिकनिक स्पॉट पर नदी और जलाशय मौजूद है। इसलिए वन भोज के लिए



पहुंचने वाला वर्ग अपने आप को जल क्रीड़ा करने से नहीं रोक पाता। कई मौके पर यहां दुर्घटनाएं हो चुकी है और लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है। इसलिए वन विभाग के साथ-साथ पुलिस में इन जगहों पर चेतावनी देने वाले बोर्ड लगा रखे हैं। इसके साथ ही लोगों को सचेत किया गया है कि उसे इलाके में जाने से बिल्कुल बचे जहां पर दुर्घटना संभावित है। बताया कि पुलिस इन स्थानों पर न केवल निगरानी कर रही है बल्कि आसपास के ग्रामीणों को जिम्मेदारी दी गई है कि वह भी अपने स्तर पर पिकनिक स्पॉट पर आने वाले वर्ग को सचेत करें। याद रहे हाल में ही कटघोरा पुलिस ने जोराघाट पहुंचकर शराब पार्टी करने वालों पर कठोरता दिखाई और सही संदेश देने का काम किया।













स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com